Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक
# द डेसप्रिंग

THE DAYSPRING NEWS

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 अंक:260 मूल्य: 3 रू पेज: 8 जयपुर, सोमवार/ 13 अक्टूबर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर , सिरोही से प्रसारित)

## रात में लड़कियों को बाहर नहीं जाने देना चाहिए

### दुर्गापुर गैंगरेप कांड पर सीएम ममता बनर्जी का बेतुका बयान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को एक निजी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल परिसर के पास हुए सामूहिक बलात्कार पर अपनी

- कहा-प्राइवेट कॉलेज छात्राओं की सुरक्षा की खुद जिम्मेदारी लें

चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि किसी लड़की को रात में बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। दुर्गापुर में मेडिकल की छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना पर राजनीति गरमाने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाराज दिखीं।




उन्होंने दूसरे राज्यों में रेप की घटनाओं का जिक्र किया। सीएम ने कहा है कि आप मुझे बताइए कि ओडिशा में तीन सप्ताह पहले समुद्र तट पर तीन लड़कियों के साथ बलात्कार हुआ। ओडिशा सरकार ने क्या कार्रवाई की और बंगाल में अगर महिलाओं के साथ कुछ भी होता है तो हम इसे सामान्य मामला नहीं मानते, यह एक गंभीर मामला है। ममता बनर्जी ने कहा कि वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी है। सीएम ने कहा कि कि वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गई। जहां तक मुझे पता है कि यह वन क्षेत्र में हुआ था, इसलिए 12.30 बजे मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। इसकी जांच जारी है। पुलिस जांच कर रही है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। 3 लोग पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। अगर ऐसा दूसरे राज्यों में भी होता है तो भी यह निंदनीय है। हमने उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा में भी ऐसे कई मामले देखे हैं, इसलिए सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को अस्पताल परिसर के पास एक निजी मेडिकल कॉलेज में हुए सामूहिक बलात्कार पर अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि किसी लड़की को रात में बाहर नहीं निकलने देना चाहिए।

## गाजा शांति सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को आया बुलावा

### राष्ट्रपति ट्रंप और सीसी की अध्यक्षता में होगी यह बैठक



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** गाजा में पिछले दो साल से जारी संघर्ष अब शांति में बदलता नजर आ रहा है। सीजफायल लागू होने की प्रक्रिया का पूरा खाका तैयार करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अब मिस्त्र में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से इस समझौते को अंतिम रूप देने की तैयारी में हैं। मिस्त्र के शर्म अल शेख में सोमवार 13 अक्टूबर को होने वाली इस बैठक में पीएम मोदी को भी आमंत्रित किया गया है। हालांकि इस सम्मेलन में भारत का प्रतिधित्व करने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह शामिल होंगे। गौरतलब है कि यह सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी की संयुक्त अध्यक्षता में होगा।

## अफगानिस्तान को जंग का मैदान नहीं बनने देंगे

- भारत से संबंध को लेकर बोला तालिबान, पाकिस्तान ने जताई थी आपत्ति

**काबुल (एजेंसी)।** पाकिस्तान पर शनिवार रात हमला करने के बाद तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने राजधानी काबुल में एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित दिया है। इस दौरान तालिबान प्रवक्ता ने भारत के साथ संबंधों



को लेकर पाकिस्तान के आरोपों पर जवाब दिया है। मुजाहिद ने कहा कि भारत के साथ हमारे संबंध दूसरों के साथ टकराव के लिए नहीं, बल्कि अपनी जरूरतों पर आधारित हैं। मुजाहिद की टिप्पणी पाकिस्तान के उन आरोपों के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने भारत पर अफगानिस्तान के जरिए अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया था। मुजाहिद ने कहा कि हम नहीं चाहते कि अफगानिस्तान दूसरों की प्रतिद्वंद्विता का मैदान बने। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान पर आतंकवादियों को पालने का आरोप लगाया और कहा कि इस्लामाबाद खैबर पख्तूनख्वा में इस्लामिक स्टेट को संरक्षण दे रहा है।

# पड़ोसी देशों की तुलना में भारत की स्थिति अलग है

### सीजेआई बोले-कोई मुकाबला नहीं, अखंड रहेगा भारत

**मुंबई (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट को जूता कांड के बाद अपने गृह राज्य महाराष्ट्र के दौरे पर पहुंची सीजेआई बी आर गवई ने बड़ा बयान दिया है। गवई ने रत्नागिरी में कहा कि पड़ोसी देशों की तुलना में भारत की स्थिति अलग है।

- नेपाल हो, बांग्लादेश हो या श्रीलंका हमारी स्थित में अंतर

गवई बोले कि हम अपने राष्ट्र को एकजुट देखते हैं, चाहे युद्ध का समय हो या शांति का, यहां तक कि आंतरिक आपातकाल के दौरान भी, हमारा देश अखंड रहा है। और जब हम अपनी तुलना अपने पड़ोसी देशों, चाहे वह नेपाल हो, बांग्लादेश हो या श्रीलंका, से करते हैं, तो मेरे विचार से



उनकी और हमारी स्थिति में अंतर भारतीय संविधान की मजबूती के कारण है। सीजेआई ने अपने भाषण में कहा कि जैसा कि बाबासाहेब आंबेडकर ने ठीक ही कहा था, जब तक इस देश में सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र स्थापित नहीं हो जाता, तब तक राजनीतिक लोकतंत्र का कोई वास्तविक अर्थ नहीं है। आज हम जिस तरह से न्यायिक बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं, वह यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि न्याय वादियों के द्वार तक पहुंचे। इसीलिए हम विकेंद्रीकरण में विश्वास करते हैं और सभी जगहों पर न्यायिक बुनियादी ढांचा स्थापित कर रहे हैं। सीजेआई ने जोर देकर कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा हमें दिया गया संविधान ही वह आधारशिला है जिस पर आज हमारा राष्ट्र कार्य कर रहा है। बाबासाहेब के संविधान की बदौलत ही हम भारत को विकास के पथ पर अग्रसर होते देख रहे हैं।

### गवई का नाम इतिहास में दर्ज होगा: फडणवीस

इस मौके पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इन दिनों हम देख सकते हैं कि न्यायिक व्यवस्था में काफी बदलाव आए हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट की बात करें तो उन्होंने सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग भी शुरू कर दी है और कई मामलों के वीडियो अब यूट्यूब पर उपलब्ध हैं। इससे जनता को काफी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध हुई है। ऐसी व्यवस्थाओं को और तेज और मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। न्यायमूर्ति गवई का नाम न्यायिक इतिहास में न्याय व्यवस्था में मौजूद कमियों को दूर करने में उनके योगदान के लिए याद किया जाएगा। चाहे बुनियादी ढांचा हो, मानव संसाधन हो या न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरना हो, उनके मार्गदर्शन में जिस गति से प्रगति हुई है वह उल्लेखनीय है और इसीलिए उनका नाम इतिहास में अंकित रहेगा।

### मोदी ने किसानों को दिया पैसा कमाने का सक्सेस मंत्र

## न्यू टेक्नोलॉजी, उन्नत बीज मछली उत्पादन पर दिया जोर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित विशेष कृषि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से आए किसानों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं, जिन्होंने कृषि से जुड़ी अपनी उपलब्धियां और अनुभव साझा किए। पीएम मोदी ने किसानों से कृषि उत्पादन, नई तकनीकों और फसल विविधता के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने किसानों को खेती के आधुनिक तरीकों को अपनाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने किसानों को आय बढ़ाने और अपनी कृषि गतिविधियों को अधिक लाभकारी बनाने के कई सुझाव दिए। उन्होंने फसलों की गुणवत्ता सुधारने, उचित बीज और तकनीक के उपयोग से बेहतर पैदावार प्राप्त करने पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने मत्स्य उद्योग और अन्य कृषि-आधारित उद्योगों में भी किसानों को निवेश और नवाचार करने की सलाह दी, ताकि उनकी आय में सुधार हो और वे आत्मनिर्भर बन सकें। किसानों ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की सराहना की, जिनसे उन्हें कृषि कार्यों में प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ। पीएम मोदी ने किसानों को खेती में गुणवत्ता, उत्पादन और नवाचार पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को निर्यातोन्मुखी फसलें उगानी चाहिए, जिससे वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़े और भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा मिले। उन्होंने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का उदाहरण देते हुए कहा कि ये योजनाएं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## तवांग के गांवों की तेजी से बदल रही है तस्वीर

### चीन की सीमा के पास भारत की बड़ी सफलता



**लेह (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में सीमा से सटे लगभग 150 गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। केंद्र सरकार की 'वाइब्रेंट विलेज' परियोजना की वजह से यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विकास का काम तेज कर दिया गया है। वहीं सीमा से सटे इलाकों में मजबूत पकड़ और चीन के विस्तारवादी इरादे को भी मात देने के लिए सरकार का यह कदम अहम है। तवांग के डिप्टी कमिश्नर नामग्याल आंगमो ने कहा, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण में और ज्यादा गांवों को जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि इन गांवों को सड़क मार्ग के अलावा डिजिटली भी जोड़ा गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तवांग में 147 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुए एक कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन किया था। तवांग में इन्फ्रास्ट्रक्चर को तेजी से विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले ही साल यहां सबसे लंबी हाई एल्टीट्यूड रोड टनल का उद्घाटन किया था। आंगमो ने कहा कि तवांग में फुटबॉल का क्रेज बढ़ रहा है। मागो और चुना में दूर-दूर से लोग फुटबॉल खेलने के लिए आते हैं।

## भारत का व्यापार घाटा 2.5 लाख करोड़ पहुंचने का अनुमान

- सितंबर में 13 हजार करोड़ बढ़ सकता है, सोने का बढ़ता इंपोर्ट इसका कारण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश का व्यापार घाटा सितंबर में करीब 13 हजार करोड़ रुपए बढ़ सकता है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नई रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2025 में भारत का व्यापार घाटा 28.0 बिलियन डॉलर (2.48 लाख करोड़) तक पहुंचने का का अनुमान है। यह आंकड़ा अगस्त के 26.5 बिलियन डॉलर (2.35 लाख करोड़) से 1.5 बिलियन डॉलर ज्यादा है। इस भारी उछाल का सबसे बड़ा कारण देश में सोने का आयात बढ़ना है।



### कांग्रेस लीडरशिप है नाराज, हो सकती है बड़ी कार्रवाई

## 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' एक गलती थी कह फंसे चिदंबरम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेतृत्व 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के बारे में पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम द्वारा दिए गए बयान से 'बेहद नाराज' है और उसका मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। चिदंबरम ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक साहित्यिक कार्यक्रम में कहा कि ऑपरेशन ब्लूस्टार गलती थी और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि कांग्रेस से सब कुछ पाने वाले वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले बयान देने में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। यह



आदत नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं को सार्वजनिक बयान देते समय सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि उनके बार-बार के बयान पार्टी के लिए समस्याएं पैदा करते हैं, जो सही नहीं है। सूत्रों ने चिदंबरम के बारे में कहा, पार्टी का शीर्ष नेतृत्व बहुत नाराज है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस बात से परेशान हैं कि ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है। चिदंबरम ने हाल ही में कुछ ऐसे बयान दिए हैं जिनसे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। कसौली में खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में चिदंबरम ने कहा, सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी।

# एमपी में युवक से पैर धुलवाए, वही पानी पिलाया

### एआई जेनरेटेड वीडियो शेयर करने वाले के खिलाफ पंचायत का फैसला, केस दर्ज

**दमोह (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के दमोह में मीम पोस्ट को लेकर हुए विवाद में एक युवक से दूसरे युवक के पैर धुलवाए गए और उसे वही पानी पिलाया गया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। मामला दमोह के सतरिया गांव का है। यहां पंचायत ने शराबबंदी लागू की है। कुछ दिन पहले गांव का अनुज उर्फ अन्नू पांडे शराब बेचते और पीते पकड़ा गया था। गांव के ही दूसरे युवक ने अन्नू का एआई जेनरेटेड वीडियो शेयर किया था, जिसमें वो जूते की माला पहना नजर आ रहा था। इस पर गांव के कुछ लोग आक्रोशित हो गए। विवाद बढ़ता देख युवक ने पोस्ट डिलीट कर दी। सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली, लेकिन बात नहीं बनी। 10 अक्टूबर को पंचायत बुलाई गई। वीडियो शेयर करने वाले युवक से सवाल-जवाब हुए। उसे शराब बेचने वाले युवक



अन्नू के पैर धोकर, वही पानी पीने की सजा सुनाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक ने भरी सभा में अन्नू के पैर धोए, फिर वही पानी पिया था।

**पैर धुलवाने वाला बोला- हमारा गुरु-शिष्य का रिश्ता-** पैर धोने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले के तूल पकड़ते ही अन्नू पांडे ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया। इसमें कहा- जो वीडियो सामने आया है, उसे ओबीसी समाज के लोग राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं। ऐसा कुछ नहीं है। हमारा गुरु शिष्य का रिश्ता है, इसी के कारण उसने खुद अपनी इच्छा से हमारे पैर धोए थे। अन्नू ने वीडियो में आगे कहा है कि अगर कुशवाहा समाज को हमारे पैर धुलवाने से दिक्कत हो रही है तो मैं क्षमा प्रार्थी हूं। **पीड़ित युवक का वीडियो-वे हमारे पारिवारिक गुरु-** शनिवार को ही पीड़ित युवक ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। इसमें कहा- कुछ लोग इसे सामाजिक मुद्दा बना रहे हैं। मैंने गलती की थी और उसके लिए माफी भी मांगी है, जिनके पैर मैंने धोए, वे हमारे पारिवारिक गुरु हैं इसलिए मैंने ऐसा किया। युवक ने इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाने की अपील की है। साथ ही कलेक्टर, एसपी, थाना प्रभारी से वीडियो हटाने और किसी पर भी कार्रवाई न करने को कहा है।

### कांग्रेस ने की सख्त कार्रवाई की मांग

कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा- घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। देश के संविधान के खिलाफ है। दलितों-पिछड़ों के साथ हो रही ऐसी घटनाएं पूरे देश और समाज पर कलंक हैं। एमपी सरकार इस घटना से जुड़े अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करे, ताकि साफ संदेश जाए कि समाज में ऐसी घटनाओं की कोई जगह नहीं है। मध्य प्रदेश बीजेपी के प्रवक्ता आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा- कांग्रेस को हर अपराध में राजनीति दिखती है जबकि भाजपा की मोहन सरकार में तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाती है। आरोपी अनुज पांडे सहित अन्य व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी और भाजपा सरकार की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह समझ लेना चाहिए कि भाजपा की सरकार संविधान के सिद्धांतों पर चलती है, न कि राजनीतिक लाभ के हिसाब से।

### मानवता की थाली से बंटा प्रेम - बृज की रसोई में जरूरतमंदों के बीच पहुँचा स्नेह

# सामाजिक समरसता का संदेश लेकर निकला मानवता का कारवां : दीपक भुटियानी

द डेस्प्रिंग

**आशियाना, लखनऊ / संजय कुमार ।** प्रेरणास्रोत बाबा नीम करौली जी की कृपा और इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (पंजी.) के सहयोग से रविवार को बृज की रसोई के अंतर्गत निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्य संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य अकिंचन, निराश्रित, असहाय बच्चों और बुजुर्गों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना तथा उन्हें समाज के स्नेह और अपनत्व का एहसास कराना है। विकास पाण्डेय ने अवगत कराया कि सेवा कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सभी स्वयंसेवक साईं मंदिर, सेक्टर-जे (आशियाना) पर एकत्र हुए, जहाँ से सेवा स्थल के लिए प्रस्थान किया गया। वहीं दीपक भुटियानी ने बताया कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है का संदेश लेकर भोजन वितरण कार्य सेक्टर-एम रिक्शा कॉलोनी, रतन खंड पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के निकट झुग्गी-झोपड़ियाँ, निर्माणाधीन भवनों में कार्यरत श्रमिकों के अस्थायी निवास, नगर निगम जोन-8 की मलिन बस्तियाँ तथा रतनखंड पानी टंकी सहित अनेक क्षेत्रों में सम्पन्न हुआ। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने बताया कि बृज की रसोई का यह अभियान निरंतर संचालित है और समाज के सभी वर्गों से सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि भूखे को अन्न और असहाय को सम्मान देना ही सच्ची पूजा है, हमारा प्रयास है कि कोई भी पेट भूखा न रहे। इस अवसर पर रामकथा आयोजक समिति सेक्टर आई से आदित्य शुक्ला एवं उनके सहयोगियों ने भी उत्साहपूर्वक भोजन वितरण में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं तथा युवाओं ने भी सेवाभाव से सक्रिय सहयोग किया। बच्चों के चेहरों की मुस्कान और बुजुर्गों की दुआओं ने इस आयोजन को भावनात्मक बना दिया, जिसने समाज सेवा की एक सजीव मिसाल प्रस्तुत की। पीयूष श्रीवास्तव ने बातचीत में कहा कि कार्यक्रम के सफल संचालन में इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के कार्यकर्ता दल की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उन्होंने उपस्थित जनों से अपील की कि थोड़ा-थोड़ा सहयोग जब एक साथ जुड़ता है, तो किसी की भूख मिटाने का सुख समाज में आशा की किरण बन जाता है। संस्था के कार्यकर्ताओं और सहयोगियों ने मिलकर लगभग 1500 जरूरतमंदों को सप्रेम पूड़ी, मिक्सवेज और मिष्ठान में हलुआ परोसा गया। कार्यक्रम में पंकज राय, संजय श्रीवास्तव, दीपक भुटियानी, पीयूष श्रीवास्तव, विकास पाण्डेय, मुकेश कनौजिया, अखिलेश सिंह, दिनेश पाण्डेय, नवल सिंह, गोविन्द सिंह ठाकुर और दिव्यांश शर्मा सहित अनेक समाजसेवियों ने सक्रिय योगदान दिया। अंत में, सभी उपस्थित लोगों ने इसे एक प्रेरणादायक एवं हृदयस्पर्शी अनुभव बताते हुए ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



## विश्वकर्मा मंदिर पर जांगिड़ समाज का दीपावली मिलन समारोह हुआ आयोजित

द डेस्प्रिंग

**रुदावल/रामकुमार उपाध्याय।** विश्वकर्मा विकास समिति का दीपावली मिलन समारोह हनुमान मंदिर रुदावल के निकट विश्वकर्मा मंदिर परिसर में मुकेश जांगिड़ की अध्यक्षता में हुआ। समारोह का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के साथ हुआ। मीडिया प्रभारी महेश जांगिड़ ने बताया कि समारोह में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंदिर के अच्छे से रखरखाव व पूजा अर्चना अनवरत बनाए रखने के लिए सबसे सहयोग की अपेक्षा की गई। कोषाध्यक्ष परमानंद जांगिड़ ने समिति के समक्ष आय-व्यय ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समिति सदस्यों की संख्या में भी वृद्धि के प्रयास करने के लिए समाज के लोगों को प्रोत्साहित किया। समाज की आगामी बैठक 9 नवंबर को होगी। इस मौके पर हीरालाल जांगिड़, गोवर्धन अध्यापक, घनश्याम जांगिड, जियालाल जांगिड, मोहनसिंह, पुरुषोत्तम, सत्यप्रकाश, कालीचरण, शिवजी, आलोक आदि मौजूद थे।



## श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन का जिला स्तरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

द डेस्प्रिंग

**नगराज वैष्णव ।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के आनुषंगिक संगठन श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन का एक दिवसीय स्नेह मिलन कार्यक्रम रविवार को दिवेर कोट खमिज़ माता मंदिर प्रांगण में सम्पन हुआ जिसमे जिले के सभी तहसील के सहयोगियों ने भाग लिया इसमें आगामी दिसम्बर माह तक होने वाले कार्यक्रम करवाने की रूप रेखा तय की गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मेवाड़ मैराथन रण स्थली वह महा परकरमी अमर सिंह शौर्य स्मारक व दिवेर युद्ध स्थल के ऐतिहासिक जगह का भ्रमण किया गया। इस कार्यक्रम में श्री क्षत्रिय युवक संघ के पाली संभाग प्रमुख मोहब्बत सिंह धींगाना, प्रान्त प्रमुख हीर सिंह लोडता, महिपाल सिंह बासनी, ओम सिंह खारिया सोढ़ा, विचित्र सिंह मगरतलाव कुलदीप सिंह मगरतलाव, मानवेन्द्र सिंह बगोल, श्रवण सिंह सांसरी, नरेन्द्र सिंह पावा, चैन सिंह मलारी, विक्रम सिंह भीटवाड़ा, महीपाल सिंह खूनी गुड़ा, मुकेश सिंह भोजावास, कुंदन सिंह खेरवा, गजेंद्र सिंह सारंगवास, मनोहर सिंह निम्बली उड्डा, रुपेन्द्र सिंह सारंगवास आदि फाउंडेशन के जिला सहयोगी उपस्थित रहे।



## रामगढ़ में विशाल निशुल्क चिकित्सा व स्वास्थ्य परामर्श केंद्र का आयोजन.

द डेस्प्रिंग

**रामगढ़ अलवर/ अमित भारद्वाज ।** रामगढ़ कस्बे स्वर्गीय त्रिलोकचंद जैन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन शेखावत बाग रिसोर्ट मैं किया गया जिसमें प्रदेश के जाने-माने डॉक्टर ने अपनी सेवा दी मरीज को देखकर उन्हें निशुल्क दवाई दी गई हजारों मरीजों की जांच कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कियाजिसमें डॉक्टर पीसी जैन . डॉक्टर मोहित कुमार जैन. डॉक्टरदीपक जैन डॉक्टर रुचि जैन एमडी फिजिशियन डॉक्टर दिव्या जैन डॉक्टर दीपक जैन महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिलाषी जैन आदि डॉक्टर उपस्थित रहकर जांच करी अपनी सेवाएं दी यह आयोजन महावीर प्रसाद जैन पदमचंद जैन रघुपतियाल जैन रोहितजैन अमित जैन के द्वारा किया गया इस अवसर पर कस्बे के एडवोकेट समाजसेवी कमल सैनी. युवा कांग्रेस नेता रफीक खान बबली अग्रवाल पदम शेखावत सत्यनारायण विजय वर्गी आदि कस्बे वासियों ने अपनी सेवाएं दी



## काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच पंजीकृत की 175 वीं गोष्ठी धूमधाम से मनाया गया

द डेस्प्रिंग

**वाराणसी / संजय कुमार ।** काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच पंजीकृत, वाराणसी की साप्ताहिक 175 वीं गोष्ठी श्रीवास्तव म्युचुअल फंड, नियर हरिनगर चन्दुआ छित्तुपुरा में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। इस गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि शैलेंद्र अमबष्ट, मुख्य अतिथि शायर सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध , संचालन मुनींद्र कुमार मुन्ना ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष भुलक्कड़ बनारसी ने अपने स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत व अभिनन्दन किया, तदोपरान्त सरस्वती बन्दना विजय चन्द्र त्रिपाठी ने कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। आज की गोष्ठी में उपस्थित कवियों और शायरों में हास्य व्यंग्य कवि भुलक्कड़ बनारसी, जयप्रकाश मिश्र धानापुरी, बच्चा बिहारी, सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध, विजय चन्द्र त्रिपाठी, मुनींद्र कुमार पाण्डेय मुन्ना, शैलेंद्र अमबष्ट, विमल बिहारी,आशिक बनारसी, खलील अहमद राही, अकरम रेवसवी, जमाल बनारसी, अरूण कुमार, सत्यनारायण जी इत्यादि रहे। आज की गोष्ठी में सभी रचनाकारों ने एक से बढ़ कर एक रचना का काव्य पाठ किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित संस्था के अध्यक्ष भुलक्कड़ बनारसी ने किया उसके उपरांत अल्पाहार के बाद गोष्ठी को विश्राम दिया गया।



## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला सभा ने तनुजा शर्मा प्रदेश सचिव नियुक्त

द डेस्प्रिंग

**पाली ।** मारवाड जं ,अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्षा माया त्रिवेदी की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्षा ममता शर्मा ने पाली निवासी तनुजा शर्मा पत्नी प्रशांत शर्मा निवासी जगदीश विहार,राजेंद्र नगर विस्तार,पाली को प्रदेश सचिव नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्षा ने बताया कि श्रीमती शर्मा पिछले काफी समय से समाज में सक्रिय है आपकी सक्रियता को देखते हुए आपको प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त प्रदेश सचिव तनुजा शर्मा ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, समाज को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं के सहयोग से सकारात्मक दिशा में प्रयास करेंगे। शर्मा के प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर समाज के लोगों ने खुशी जाहिर की। गौरतलब है कि श्रीमती शर्मा के ससुराल और पीहर पक्ष दोनों ही समाज में सक्रिय भूमिका निभाते आए है। श्रीमती शर्मा का पीहर मारवाड़ जंक्शन में है।



## भाजपा जिला कार्यकारिणी में केशोरायपाटन के 5 कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी



द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।** भाजपा बूंदी जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने अपनी जिला कार्यकारिणी घोषणा करते हुए केशोरायपाटन से पांच कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारियां मिली जिला महामंत्री पद पर योगेंद्र श्रृंगी, जिला मंत्री विजय सिंह जादौन, जिला प्रवक्ता गौरव मलिक, जिला सोशल मीडिया प्रभारी ललित नामदेव व जिला आईटी सह संयोजक आशीष वर्मा को बनाया गया है। पदाधिकारियों की घोषणा के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग जगह पर उनका भव्य स्वागत किया और बधाइयां दीं।

## हल्द्वानी - माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ नैनीताल के संतोष दुबे बने जिला अध्यक्ष

**पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ललित डंगवाल बने जिला संरक्षक**

**नैनीताल जिले के सभी आठ ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों ने चुना संतोष दुबे को अपना जिला अध्यक्ष**

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज) ।** एलटी भर्ती से अतिथि शिक्षकों के प्रभावित होने की आशंका को लेकर जिलाध्यक्ष सन्तोष दुबे ने जताई चिंता श्री दुबे ने कहा कि एलटी शिक्षकों की भर्ती से यदि कोई अतिथि शिक्षक प्रभावित हुआआ तो इसके लिए सरकार व विभाग होगें जिम्मेदार यहां बुद्ध पार्क में सम्पन्न माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ नैनीताल के अतिथि शिक्षकों की बैठक में जिले की वर्तमान जिला कार्यकारिणी को भंग कर नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश टम्टा ने रामनगर ब्लाक के अतिथि शिक्षक संतोष दुबे को जिलाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा बैठक में उपस्थित सभी अतिथि शिक्षकों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए संतोष दुबे को नैनीताल जिले का जिलाध्यक्ष चुना इसके साथ ही पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ललित डंगवाल को जिला संरक्षक बनाया।इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष दुबे ने सभी की राय से नई जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए एकता रैकवाल को जिला महामंत्री हिंमाशु मठपाल को जिला कोषाध्यक्ष,लता जोशी व सतीश चंद्र को जिला उपाध्यक्ष,बरखा आर्या को जिला संगठन मंत्री,प्रकाश मंडल व रविराज अरोरा को जिला सह-संगठन मंत्री, शादाब आलम व नवीन चंद्र मौलेखी को जिला मंत्री नियुक्त किया साथ ही बीना भट्ट, भावना बिष्ट, नीमा त्रिपाठी, गोपेश रावत, दीशा परगांई, पंकज कुमार और अनीता नेगी को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया। जिला बैठक में हल्द्वानी, रामगढ, कोटाबाग, भीमताल, रामनगर, धारी, ओखलकांडा और बेतालघाट ब्लाक के अतिथि शिक्षक ललित डंगवाल,दिनेश टम्टा, संतोष दुबे हिमांशु मठपाल प्रमोद जोशी एकता रैकवाल,लता जोशी, बरखा आर्या,निर्मल तिवारी,भावना बिष्ट, नीमा त्रिपाठी, सतीश चंद्र ,प्रकाश मंडल शादाब आलम, शोदा, बीना भट्ट, नवीन मौलेखी,राजेंद्र सिसवाल,शोभा पंत,पंकज कुमार दीक्षा परगांई,गायत्रीश्र पंत,अनीता नेगी गोपेश रावत आदि उपस्थित थे।



## छोटी रानी मे सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ

द डेस्प्रिंग

**रानी /नगराज वैष्णव ।** विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक रानी के तत्वावधान में छोटी रानी स्थित शनिश्वर मन्दिर परिसर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हीरो देवी की अध्यक्षता मे हुआ /मुख्य वक्ता गीता देवी ने कुटुम्ब प्रबोधन के बारे में बताया / प्रभारी राधा वैष्णव ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी/ मधु कुमारी भाटी ने स्व का बोध पर विचार व्यक्त किये / आरती सुथार ने धार्मिक ग्रंथों पर आधारित प्रश्नोत्तरी करवाई /इस अवसर पर धीरज कंवर राठौड़, सरोज प्रजापत , पोनी बाई लीला देवी , रेखा सहित मातृशक्ति मौजूद थी ।



### ग्रामीण सेवा शिविरों का हुआ आयोजन

## भाजपा कंचनपुर मंडल के कार्यकर्ता रहे मौजूद

द डेस्प्रिंग

**बाड़ी/आशीष शर्मा ।** ग्राम पंचायत घड़ी खिराना में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष तोमर एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता चतुर सिंह जाटव रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच रामबेटी जाटव, बाड़ी एसडीएम साहब भगत शरण त्यागी, तहसीलदार मुकेश मीणा,पंचायत समिति विकास अधिकारी अनिल शर्मा,कल्याण विभाग से कैलाश मीणा ,कृषि विभाग से राम मुकुट गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी रोतेश, एलडीसी अमरपाति, मनीषा, अनु मीणा,जितेंद्र पटवारी,प्रीति एएनएम,देवेंद्र, रामनिवास बिजली विभाग,राधेश्याम जल संसाधन विभाग,लीला देवी महिला पर्यवेक्षक, रविंद्र कुमार पशुपालन विभाग, पप्पू सिंह शिक्षा विभाग,एडवोकेट लवकुश,कार्यकर्ता सत्यवीर,राशन डीलर दिलीप सिंह, कंपाउंड संजय मीणा, एसबीआई मनोज गिरी, एसबीआई राजेंद्र, ईमित्र सजवान जाटव,अशोक जाटव, भारत जाटव, निहाल सिंह जाटव, राहुल जाटव उप प्रधान बाड़ी सभी कार्यकर्ता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## आगामी आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं जीएसटी सम्मेलन को लेकर भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

द डेस्प्रिंग

**बाड़ी/आशीष शर्मा ।** आगामी 15 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी विधानसभा बाड़ी के द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी पर होने वाले सम्मेलन की तैयारी हेतु बाड़ी में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सरवन वर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष एसटी मोर्चा राज बहादुर मीणा ,जिला महामंत्री अनिल गोयल ,जिला मंत्री ओमकार कटारा ,बाड़ी नगर अध्यक्ष वंदना शिवहरे,कंचनपुर मंडल अध्यक्ष सुभाष तोमर, सैपऊ मंडल अध्यक्ष गुड्डू कुशवाहा,बसई नवाब मंडल संयोजक के जी तिवारी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा, रामकुमार कुशवाहा ,धनंजय शर्मा, सुनील बंसल, श्री निवास मित्तल, जितेंद्र शर्मा, सतीश प्रजापति, बनवारी प्रजापति, प्रदीप भारद्वाज,मनोज कोली, चतुर सिंह,पुन्नी,नितिन शर्मा,गया प्रसाद कुशवाह,नाजिया खान, शिप्रा गर्ग आदि उपस्थित रहे।



## नयी सैंपलिंग नीति के तहत कोयला ऑक्शन को लेकर ट्रांसपोर्टेरों में भारी आक्रोश

### सिंगरौली ट्रक एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

द डेस्प्रिंग

**सिगरौली।** संगरौली ट्रक एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी नयी सैंपलिंग नीति ,बैंक गारंटी के विरोध में वाहन नहीं देंगे कोल ट्रेडर्स, प्रभावित हो सकती है कोयला ढुलाई ।कोयला ऑक्शन प्रक्रिया में बार-बार लाए जा रहे नये-नये नियमों को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।सिंगरौली ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह का कहना है कि कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से एक अक्तूबर से लागू की गयी नयी सैंपलिंग नीति के विरोध में शीघ्र कोयला कारोबारियों ने रैक लोडिंग के लिए स्थानीय ट्रांसपोर्टर रेलवे साइडिंग एवं मंडी तक डंपर ,टेलर ,ट्रक सहित अन्य वाहनें एनसीएल परियोजनाओं में घुसने नहीं देने का मन बना रहे है।अध्यक्ष ने कहा कि नयी सैंपलिंग नीति ,बैंक गारंटी नियमावली के कारण न केवल स्थानीय ट्रांसपोर्टरों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है, बल्कि इससे ट्रक व्यवसाय से जुड़े हज़ारों परिवार प्रभावित हो रहे हैं। ट्रक एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि "केंद्र सरकार एवं कोल इंडिया द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या परामर्श के अचानक नियमों में बदलाव करना अनुचित है। इससे छोटे व मझोले ट्रांसपोर्टर पूरी तरह हाशिए पर जा रहे हैं और केवल बड़ी कंपनियों को लाभ मिल रहा है।नए नियम लागू करने से पहले सभी हितधारकों से संवाद किया जाना चाहिए था जो ऐसा नही हुआ।"इतना ही नही भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना के तहत एमसीएमई के माध्यम से जुड़े अधिकांश छोटे व्यवसाय भी समाप्त होने के कगार पर आ जाएंगे।नये नियम के तहत तीसरे पक्ष से सैंपलिंग, वित्तीय कवरेज, इंडेग्निटी बॉन्ड और पोस्ट लिफ्टिंग ग्रेड परिवर्तन जैसी नई बाध्यताएं व्यापारियों पर थोपी गयी है।




## जयपुर, शिव विहार कालोनी मुहाना स्थित निराश्रित जन सेवार्थ ओउमाश्रय सेवा धाम में लक्ष्मी पूजा के दीपावली पर्व से पहले धन सम्पत्ति कब और कैसे यशोदा वन कर स्वयं तथा औरों को आनंदित करती है पर चर्चा हुई

द डेस्प्रिंग

वैदिक चिंतक ओउमाश्रय संस्थापक यशपाल यश ने कहा कि यज्ञ ही विष्णु हैं लक्ष्मी इनकी अर्द्धांगिनी है जो सेवा और समर्पण द्वारा यश कीर्ति श्री श्रेयताम् वरदान नित्य पोषक शारीरिक वल मानसिक उत्साह और आध्यात्मिक प्रेरणाओं को सबल वनाती है।यश ने कहा कि अंग्रेजी में वैल्थ शव्द की शुरुआत वैल से होती है जिसका अर्थ भद् वरदान है धन सम्पत्ति का दुरुपयोग अभिशाप कष्ट दायक होता है। यज्ञ में भीलवाड़ा निवासी आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के पूर्व संरक्षक तथा टैक्सटाइल व्यवसाई विजय कुमार शर्मा एवं श्रीमति किरण शर्मा, कोटा के नितिन अग्रवाल वंश अग्रबाल रतिराम गर्ग एवं कौशलेश गुप्ता मुख्य यजमान रहे। ओउमाश्रय संचालन सहयोगी भगवान दास गर्ग श्रीमति किरण शर्मा राजेश प्रभुजी ने ईश्वर भक्ति एवं सवके कल्याण हेतु भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी इस अवसर पर जन्मदिन वाले नितिन को पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया तथा ऋषि दयानंद का कालजई ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश भैट किया।दिवंगत अभिषेक शर्मा को चतुर्थ पुण्यतिथि पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भीलवाड़ा के विजय शर्मा ने ओउमाश्रय की एक लाख रुपए वाली संरक्षक सदस्यता भी गृहण की।





# जीता हुआ मन मित्र और अनियंत्रित मन शत्रु है : मुकेश भगत

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर /हवासिंह चौधरी** ।उपखंड के सोडावास - अजरका स्टेट हाईवे 52 सराय कला बस स्टैंड के समीप गोलाहेड़ा श्री जोतराम धाम में मुकेश भगत ने रविवार को श्री जोतराम धाम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जीता हुआ मन तथा



इंद्रिया मित्र तथा अनियंत्रित मन व इंद्रिय सबसे बड़े शत्रु है। संसार को जीतने वाला महावीर नहीं बल्कि मन व इंद्रियों को जीतने वाला महावीर है। मन बाधक भी है तथा साधक भी है। इसे अपनी अध्यात्मिक उन्नति के लिए साधक बनाए। मन के हारे हार है व मन के जीते जीत हैं।

# 541 वां बिश्नोई धर्म स्थापना दिवस पर 13 अक्टूबर की शाम जागरण,14 अक्टूबर 2025 सुबह शोभा यात्रा, मुकाम समराथल धोरा हवन यज्ञ पाहल

द डेस्प्रिंग

**श्रीराम भादू /बीकानेर** । अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के तत्वावधान में इस बार 541 वां बिश्नोई धर्म स्थापना दिवस श्री गुरू जम्भेश्वर भगवान मंदिर प्रांगण मुक्तिधाम मुकाम में दिनांक 13/10/2025 की शाम जागरण



सत्संग समाज के परम् पूजनीय विद्वान संत महात्माओं द्वारा होगा। दिनांक 14/10/2025 की सुबह 8 बजे मुक्तिधाम मुकाम से संतो के सानिध्य में शोभा यात्रा समराथल धोरा जायेगी। समराथल धोरा पर संत महात्माओं द्वारा अमृतवाणी से हवन यज्ञ अमृत पाहल किया जायेगा। समराथल धोरा पर सभी पाहल ग्रहण कर गुरू जम्भौजी के द्वारा प्रतिपादित उन्नतीस नियमों सद्उपदेश की पालना का संकल्प लेगें। आज से 540 वर्ष पहले विक्रम सम्वत् 1542 की कार्तिक बदी अष्टमी के दिन श्री गुरू जम्भेश्वर भगवान ने समराथल धोरा पर उन्नतीस नियमों की आचार संहिता प्रदान कर बिश्नोई धर्म का प्रवर्तन किया। सद्उपदेश देकर के जिन्होंने उन्नतीस नियम माने उनको बिश्नोई बनाया। आज के इस आधुनिक भौतिक चका चौंध के युग में उन्नतीस नियम मानव मात्र जीव जंतु प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण हैं। 541 वे बिश्नोई धर्म स्थापना दिवस पर समस्त भारतवर्ष से बिश्नोई समाज के हजारों श्रद्धालुगण आयेगें।

### 150 से ज्यादा मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

# युवाओं को भी चपेट में ले सकता है हृदय रोग, नियमित करायें जांच- डा. पंकज

## बस्ती-कायस्थ वाहिनी के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 160 मरीज हुये लाभान्वित

द डेस्प्रिंग

**बस्ती/संजय कुमार** । कायस्थ वाहिनी अन्तर्राष्ट्रीय एवं हिन्द हार्ट इन्स्टीट्यूट ऑ मेडिकल साइंसेज लखनऊ की ओर से ब्लाक रोड स्थित नीलकंठ अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमे 160 से ज्यादा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे परामर्श व जरूरतमंदों को दवाइयां भी दी गईं। वाहिनी प्रमुख पंकज भइया ने कहा वाहिनी समाज सेवा के उच्च मानदंडों पर कार्य कर रही है। भगवान श्री चित्रगुप्त को सर्वसमाज में स्थापित करवाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। फ्री मेडिकल कैंप भी उसका हिस्सा है। उन्होने कहा अब समय आ गया कि राजनीति के





साथ साथ हर क्षेत्र में आगे बड़े ।हम प्रयास कर रहे है कि हमारे आयोजन से समाज का भला हो सके । प्रख्यात सर्जन डा. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा की हार्ट की बीमारी के लिये अब उम्र की कोई सीमा नही रही। यह हर उम्र के लोगों को चपेट में ले रही है। हमे अपने स्वास्थ्य खासतौर से हार्ट की नियमित जांच करानी चाहिये जिससे बीमारी बड़ी होने के पहले उससे बचाव किया जा सके। उन्होने लोगों से खानपान पर विशेष ध्यान देने और नियमित योगा करने की सलाह दिया। मेडिकल कैंप के संयोजक डा. आरसी श्रीवासतव ने कहा मेडिकल कैंप की सफलता से हम सभी उत्साहित



हैं। आगामी दिनों में अस्पताल चिकित्सकों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से ऐसे शिविर का आयोजन करता रहेगा। डा. वीएस श्रीवास्तव सर्जन, डा. राहुल वर्मा फिजीशियन, डा. स्नेहा चोरसिया ने योगदान दिया। शिविर का उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा व सदर विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र दूबे ने किया। मनमोहन श्रीवास्तव काजू, सर्वेश श्रीवास्तव, पंकज सिन्हा, सुबाष श्रीवासतव, कमलेश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, रनधीर सिंह, रणधीर सिंह, अजय चन्द्रा, रत्नेश श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, श्रीयांश श्रीवासतव, अखिलेश श्रीवास्तव आदि कर उपस्थिति रही।

# लायंस क्लब सेवा सप्ताह का समापन,सेवा कार्यों के लिए सम्मानित हुए सदस्य

द डेस्प्रिंग

**सीकर/नरेश सैन** । लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 श्व -1 रीजन 17 का सेवा सप्ताह 2025 का समापन और पुरस्कार समारोह जयपुर झुंझुनू बायपास रोड स्थित एक रिसॉर्ट में हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लायन मणि शंकर काबरा ने बताया कि कार्यक्रम रीजन चेयर पर्सन कृपाल सिंह शेखावत,वरिष्ठ लायंस सदस्य प्रांतीय सलाहकार आर जी बियानी, कैबिनेट सेक्रेट्री रिटेंशन डॉ संपति मिश्रा, एरिया लीडर डॉक्टर युसूफ देवड़ा, जी ई टी कॉर्डिनेटर राजीव लोचन शर्मा, जोन चेयरपर्सन सुरेंद्र चौधरी , मनोज अग्रवाल के नेतृत्व किया गया । सचिव विनोद दाधीच ने बताया इस वर्ष सेवा सप्ताह का आयोजन "हम सब एक हैं" की





भावना से किया गया । जिसमें कार्यक्रम रीजन स्तर, जोन स्तर , क्लब स्तर पर संपादित किये गए। इस अवसर पर डायबिटीज ,बीपी जांच के लिए सुगन चंद कुमावत सनराइज क्लब,कैंसर पर जागरूकता सेवा कार्य के लिए लायंस क्लब सीकर मणि शंकर काबरा,फूड फॉर हंगर के लिए लायंस क्लब प्राइड मोहनीश चुग,पीस पोस्टर के लिए लायंस क्लब कल्याण धनी के उद्देश घासोलिया,गौ सेवा के लिए शक्ति क्लब अलका शर्मा, सुरभि लायंस क्लब की इंदु गुप्ता,योग ध्यान शिविर के लिए अंशु सक्सेना क्राउन क्लब, तथा लीजेंड, श्रीमाधोपुर ,सहित सभी





PST टीम को सेवा सप्ताह के सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। डॉक्टर जेपी अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, प्रहलाद राय टॉक ,गणेश अग्रवाल, अंकुर बहड़, हरि प्रसाद मोदी पवन सराफ, नवरंग अग्रवाल, मनोज जालान,सहित अन्य क्लबों के सदस्य उपस्थित रहे विनोद दाधीच सचिव द्वारा समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच पंजीकृत की 175 वीं गोष्ठी धूमधाम से मनाया गया

द डेस्प्रिंग

**वाराणसी/संजय कुमार** । काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच पंजीकृत, वाराणसी की साप्ताहिक 175 वीं गोष्ठी श्रीवास्तव म्युचुअल फंड, नियर हरिनगर चन्दुआ छित्तुपुरा में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। इस गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि शैलेंद्र अमबष्ट, मुख्य अतिथि शायर सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध , संचालन मुनींद्र कुमार मुन्ना ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष भुलक्कड़ बनारसी ने अपने स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत व



अभिनन्दन किया, तदोपरान्त सरस्वती बन्दना विजय चन्द्र त्रिपाठी ने कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। आज की गोष्ठी में उपस्थित कवियों और शायरों में हास्य व्यंग्य कवि भुलक्कड़ बनारसी, जयप्रकाश मिश्र धानापुरी, बच्चा बिहारी, सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध, विजय चंन्द्र त्रिपाठी, मुनींद्र कुमार पाण्डेय मुन्ना, शैलेंद्र अमबष्ट, विमल बिहारी,आशिक बनारसी, खलील अहमद राही, अकरम रेवसवी, जमाल बनारसी, अरूण कुमार, सत्यनारायण जी इत्यादि रहे। आज की गोष्ठी में सभी रचनाकारों ने एक से बढ़ कर एक रचना का काव्य पाठ किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित संस्था के अध्यक्ष भुलक्कड़ बनारसी ने किया उसके उपरांत अल्पाहार के बाद गोष्ठी को विश्राम दिया गया।

### डब्ल्यू ई एन डब्ल्यू एस की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

# वूमेन पावर समाज सेवी और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशीला सारस्वत के प्रयास ला रहे रंग

## जयपुर के साथ राजस्थान के हर जिले में गठित होगी कार्यकारिणी

द डेस्प्रिंग

**सीकर / जयपुर / नरेश सैन** । राष्ट्रीय संगठन वूमेनस एंपावरमेंट एंड वेलफेयर सोसाइटी का राजस्थान की राजधानी में किया गया है संस्था की अध्यक्ष एवं डायरेक्टर सुशीला सारस्वत ने बताया कि अंशु गर्ग को जिला अध्यक्ष जयपुर घोषित किया गया एवं जोया खान को जिला उपाध्यक्ष



एवं मीनाक्षी शर्मा को जयपुर महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है समाज सेवा के कार्यों को



ध्यान रखते हुए यह नियुक्तियां दी गई है संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि जयपुर के अलावा राजस्थान



के प्रत्येक जिलों में संगठन का विस्तार किया जाएगा ताकि समाज सेवा में रुचि लेने वाली महिलाओं को आगे लाया जा सके इसमें सशक्त बनाने के कार्यों में महिलाओं की अहम भूमिका हो सके संस्था समाज में महिला एवं बच्चों के लिए कार्य करती है महिला एवं बच्चों के सुरक्षा के लिए सदैव उनके साथ खड़ी रहती है और समाज में प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने की मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान कर रही है संस्था की अध्यक्ष सुशील सारस्वत निरंतर समाज सेवा के एवं महिला उत्थान के कार्य करती रहती हैं

### तेज़ ब्लास्टिंग से दहले घर, कलिंगा पर अवैध ब्लास्टिंग के आरोप, जिम्मेदार मौन

# ग्रामीणों के सिर पर मंडरा रहा खतरा, कभी भी हो सकती है बड़ी जानमाल की हानि

द डेस्प्रिंग

**सिंगरौली** । जिले के मुहेर क्षेत्र में ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि कोयला खदान से महज 100 मीटर की दूरी पर लगातार की जा रही ब्लास्टिंग से आसपास के दर्जनों घरों में दरारें पड़ गई हैं। स्थानीय निवासियों ने एनसीएल की ओर से कार्य कर रही कलिंगा कंपनी पर नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध तरीके से ब्लास्टिंग करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिदिन ब्लास्टिंग के दौरान इतनी तीव्र कंपन महसूस होती है कि पक्के मकानों की दीवारें हिल जाती हैं और दरवाजे-खिड़कियां ज़ोर से टकराने लगते हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में डर का माहौल है। कई घरों में दीवारों में गहरी दरारें देखी जा सकती हैं, जिससे कभी भी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

### प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार कंपनी प्रबंधन को लिखित और मौखिक शिकायतें कीं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। न तो ब्लास्टिंग की दरी तय मानकों के अनुसार रखी जा रही है और न ही सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंपनी की मनमानी और प्रशासन की चुप्पी से उनकी जानमाल खतरे में पड़ गई है।

### नियमों की खुली उड़ रही धज्जियां

खनन एवं ब्लास्टिंग संबंधी नियमों के अनुसार आबादी क्षेत्र से निर्धारित दूरी पर ही ब्लास्टिंग की



अनुमति दी जाती है, ताकि आसपास के घरों और लोगों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। लेकिन मुहेर क्षेत्र में इस नियम की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दिनदहाड़े अवैध रूप से ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे क्षेत्र में लगातार भय का वातावरण बना हुआ है।

### जनता ने प्रशासन से लगाई गुहार

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और खनन विभाग से मांग की है कि इस अवैध ब्लास्टिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही प्रभावित घरों का सर्वे कराकर नुकसान की भरपाई कराई जाए। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने जिला कलेक्टर और उच्च अधिकारियों से जांच कर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सुधीर यादव उर्फ सरकार यादव मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिला सचिव मनोनीत

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार** । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की सहमति से एवं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा जी के अनुमोदन पर सुधीर यादव उर्फ सरकार निवासी ग्राम चोरिया पोस्ट भौवापार जिला गोरखपुर को मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिला सचिव पद पर नामित किया गया है आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी ने अन्य पदाधिकारी के साथ उन्हें मनोरंजन पत्र सौंपा तथा यह उम्मीद किया की सुधीर उर्फ़



सरकार यादव समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा कर संगठन की मदद करते हुए और अधिक गतिशील तथा बल प्रदान करेंगे । इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष संजय कुमार ने भी सुधीर यादव को बधाई दिया तथा संगठन के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। उनको बधाई देने हेतु समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, शहर विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र लाल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव, अविनाश तिवारी - जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, महेंद्र यादव - जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड, प्रविन्द यादव - जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड तिवारी निषाद, अभिषेक साहनी, राजू साहनी, अनूप , विशाल, सुजीत, मोनू , राजकुमार सहित भारी संख्या में सदस्य और पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## पूर्व विधायक जलधारी को दी शुभकामनाएं

द डेस्प्रिंग

**सीकर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी के जन्मदिन के अवसर पर श्री कल्याण अस्पताल ट्रॉमाइंचार्ज फूलचंद सैनी के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों ने पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी को गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर मुकेश कुमार सैनी, सोहनलाल सैनी पुरुषोत्तम सैनी सागरमल सैनी , राजकुमार सैनी सहित स्टाफ के कई सदस्य मौजूद रहे।

## नक्षत्र लोक ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान के कार्यालय का हुआ शुभारंभ

द डेस्प्रिंग

**जोधपुर।** लाल सागर मुख्य मार्ग स्थित राम टॉवर पर नक्षत्र लोक ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान के नवीन कार्यालय का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज



द्विवेदी, समाजसेवी महेश अग्रवाल, विजयंत व्यास, विक्रान्त दवे, पंडित जागृत जोशी, सुकांत पांडे, डॉ. शंकर सिंह राजपुरोहित, घनश्याम सोनी, धर्माराम भाटी, रामकिशोर देवड़ा, सत्यनारायण देवड़ा, दिलीप जोशी की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष राज ज्योतिषी पंडित अभिषेक जोशी रतलाम द्वारा आंगतुक अतिथियों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया व संस्था द्वारा प्रकाशित जोशी जी का पंचांग विक्रम संवत 2083 भेंट किया।

# थाना बारादरी पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो)।** बरेली वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत, थाना बारादरी पुलिस ने रविवार (11.10.2025) की रात्रि एक शातिर अभियुक्त को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। थाना बारादरी पुलिस टीम, जिसमें उप0नि0जितेंद्र कुमार मय चीता मोबाइल शामिल थे, मॉडल टाउन क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सैफ पुत्र अजीज (उम्र करीब 21 वर्ष), निवासी हजियापुर, थाना बारादरी को शहदाना रेलवे ग्राउण्ड के पास से पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान, अभियुक्त के कब्जे से एक नाजायज तमंचा 315 बोर और एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त सैफ ने बताया कि उसने यह अवैध तमंचा अपनी सुरक्षा के लिए रखा था क्योंकि उसका कई लोगों से झगड़ा चल रहा है। थाना बारादरी पर अभियुक्त सैफ के विरुद्ध मु0अ0सं0 1201/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को आवश्यक कानूनी कार्यवाही के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। सैफ का पूर्व में भी एक आपराधिक इतिहास रहा है, जिस संबंध में उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 1041/2025 भी दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक धनन्जय कुमार पाण्डेय, उप0नि0 मुनेन्द्र पाल सिंह, उप0नि0 सत्येन्द्र सिंह हैड कांस्टेबल समित कुमार, उमेश कुमार, मयंक कुमार,नवीन कुमार पुलिसकर्मी शमिल थे।

# दीपावली से पूर्व बाजार की बदहाल सफाई व्यवस्था पर नगर पंचायत उदासीन

द डेस्प्रिंग

**सोनभद्र** । थाना अनपरा परिक्षेत्र में दीपों के पर्व दीपावली को बस कुछ ही दिन शेष हैं, और ऐसे समय में अनपरा बाजार , काशीमोड़ व तापीय परियोजना के भूमि पर सफाई व्यवस्था को लेकर न केवल व्यापारियों बल्कि आम जनता में भी जबरदस्त नाराजगी देखने को मिल रही है।सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा सभी



जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि दीपावली पर्व के अवसर पर नगर को स्वच्छ रखे।पर अनपरा नगर पंचायत की कहानी अलग ही है। अनपरा बाजार की बदहाल सफाई व्यवस्था पर एक तरफ अनपरा नगर पंचायत यह कहकर पल्ला झाड़ रहा है कि अनपरा तापीय परियोजना द्वारा मना किया गया है कि बिना एनओसी के कोई भी निर्माण कार्य न कराये।वही परियोजना प्रबंधन का कहना है कि साफ- सफाई एवं पेयजल मुहैया कराने पर कोई रोक नही लगाई गई। यह समस्या को हल न कर ध्यान भटकाने का कार्य किया जा रहा है।जो समाज हित मे नही है। वर्तमान में बाजार क्षेत्र कूड़े, काशीमोड़ आसपास में मलबे और आवारा पशुओं के गोबर से पटा पड़ा है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां बाधित हो रही हैं और खरीदारों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि अनपरा नगर पंचायत द्वारा इस समय बाजार क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है, और अब जब त्योहार सिर पर है, तब भी कोई साफ-सफाई अभियान शुरू नहीं किया गया है।

### गहराता जन असंतोष

स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि दीपावली पूर्व बाजार की समुचित सफाई नहीं कराई गई, तो नगर पंचायत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, प्रशासनिक शिकायत जैसे कदम उठाए जा सकते हैं।

## बाल्मीकि बस्ती के समीप नगर पालिका द्वारा कचरा डालने परजताया विरोध!



द डेस्प्रिंग

**मुंडावर/ हवासिंह चौधरी** । मुंडावर। बाल्मिकी बस्ती के समीप नगरपालिका द्वारा कचरा डालने पर बस्ती वासियों ने विरोध जताया। बस्ती वासियों ने बताया कि गत एक दो दिन से हमारी बस्ती के समीप नगर पालिका द्वारा कचरा डाला जा रहा है जो गलत है, यहां कचरा डालने से बदबू फैलेगी और बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है, साथ ही पास में बांध बना हुआ है, जिसमें पानी संग्रहित होता है पानी भी प्रदूषित होगा, जिससे आमजन को परेशानी होगी और पशुओ को खतरा बना हुआ है। इस अवसर पर झुन्नू मीणा,अमर सिंह, राजकुमार, सीताराम, किशन लाल, राम स्वरूप, राजेश, गजे सिंह, मुकेशछत्र सिंह, जलेसिंह, लाला मीणा, जितेंद्र मीणा,कमला देवी, संतोष, शान्ति, काजल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वच्छ स्टेशन अभियान के अंतर्गत सुजानगढ़ स्टेशन पर सफाई अभियान आयोजित

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** स्वच्छ स्टेशन अभियान के कॉर्डिनेटर जोधपुर मंडल सहायक परिचालन प्रबंधक उमराव मीणा, यातायात निरीक्षक डेगाना श्रवणकुमार के साथ रविवार को सुजानगढ़ रेल्वे स्टेशन पर पहुंचे। जहां उन्होंने स्वच्छता साफ सफाई का निरीक्षण किया तथा स्टेशन अधीक्षक प्रहलाद मीणा व रेल कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के साथ श्रमदान करते हुए स्टेशन पर झाडू लगाया और रेल्वे ट्रैक, रेल परिसर की साफ सफाई की।मंडल एओएम उमराव मीणा ने बताया कि जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशानुसार में संचालित "Clean Station Program" के अंतर्गत रविवार को सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन पर



सफाई अभियान चलाया गया। ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसरों को स्वच्छ, आकर्षक एवं यात्रियों के लिए बेहतर अनुभव प्रदान करना है। सफाई अभियान के दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, रेल्वे ट्रैक एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की गई। इस अवसर पर टी आई श्रवण कुमार ने यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने आसपास सफाई बनाए रखने का संदेश दिया। इस अभियान में मुख्य रेल्वे बुकिंग पर्यवेक्षक धनसिंह नरूका सहित अनेक रेल कर्मचारी साथ रहे ।

## खिलाड़ी हमारी धरोहर हैं : महंत प्रताप पुरी

द डेस्प्रिंग





**जैसलमेर-रमेश प्रजापत** । खिलाड़ी हमारी धरोहर है जिन्हें आगे बढ़ाना हम सब का कर्तव्य बनता है। जब एक खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है तो द्रोणाचार्य को गौरव की अनुभूति होती है । महंत प्रताप पुरी ने विद्यालय की गतिविधियों के फोटो संग्रह से अभिभूत होकर कहा कि ऐसे विद्यालय समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत होते है जो हमें गर्व की अनुभूति कराते हैं। यह उदगार महंत प्रताप पुरी ने जिला स्तरीय एथेलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राठौड़ा में व्यक्त किए । इससे पूर्व मुख्य अतिथि महंत प्रताप पुरी विधायक पोकरण, अध्यक्ष विष्णु कुमार छंगाणी एसीबीईओ विशिष्ट अतिथि प्रधान भगवत सिंह तंवर, हेम शंकर जोशी एसबीईओ, उगम सिंह तंवर पीईईओ रामदेवरा, धाउ देवी सरपंच और भंवर सिंह तंवर मंडल अध्यक्ष रामदेवरा ने मां भारती, मां सरस्वती और बाबा रामदेव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया । प्रतियोगिता संयोजक एवं आयोजन सचिव भवानी सिंह तंवर ने प्रतियोगिता का वृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रतियोगिता के दौरान की गई व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए सफल रूप से प्रतियोगिता सम्पन्न करवाने के लिए शारीरिक शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हेमशंकर जोशी ने अपने उद्बोधन में राठौड़ा विद्यालय को पोकरण ब्लॉक का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बताते हुए कहा कि योग्य और कर्तव्य निष्ठ व्यक्तियों को ही ऐसे आयोजन करवाने की जिम्मेदारी दी जाती है और ऐसे सफल आयोजन से शिक्षा विभाग अपने आप में गौरवान्वित होता है । विशिष्ट अतिथि उगम सिंह तंवर ने ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के सफल आयोजन करवाने के लिए विद्यालय को बधाई दी और इसी तरह आगे बढ़ते रहने हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर बेस्ट एथलीट का अवॉर्ड छात्र वर्ग में करणी बाल जैसलमेर के अनिल कुमार और छात्रा वर्ग में सांकडिया की रेखा को दिया गया । 14 वर्ष एथलीट में छात्र वर्ग की चैंपियन शिप करणी बाल जैसलमेर और छात्रा वर्ग में चैंपियनशिप राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांकड़िया को दी गई । आयोजक विद्यालय द्वारा समस्त निर्णायकों और कार्यालय में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को स्मृतिचिन्ह भेट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक महंत प्रताप पुरी ने भामाशाह कानसिंह भाटी, श्रवण सिंह तंवर, दलाराम, झबर सिंह राठौड़, दमा राम, बिजल राम और प्रतियोगिता के दौरान सराहनीय सेवा सम्मान से छगन सिंह , कामिनी आइलानी और रसदीप कौर को सम्मानित किया । समापन समारोह में सरपंच प्रतिनिधि सांगा राम , कालू सिंह राठौड़ , आनंद सिंह , डूंगर सिंह भाटी, गिरधर सिंह भाटी, हुकमाराम भील, किला राम कंवराज सिंह, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एसीबीओ विष्णु कुमार छंगाणी प्रतियोगिता समापन की घोषणा की कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता धनराज पालीवाल ने किया ।

### मॉडर्न क्लास रूम का उद्घाटन किया

इस अवसर पर विधायक पोकरण ने विद्यालय में प्रधान भगवत सिंह द्वारा बनाए गए मॉडर्न क्लास रूम की पट्टिका का शिलान्यास किया । और महंत प्रताप पुरी ने डिजिटल शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी ।

### विकास कार्यों की सौगात

इस अवसर पर विधायक पोकरण ने विद्यालय विकास के लिए 11 लाख 43 हजार रुपए के निर्माण कार्य और प्रधान भगवत सिंह तंवर ने मुख्य सड़क से विद्यालय को जोड़ने के साथ विद्यालय परिसर में इंटरलॉक सड़क बनाने की स्वीकृति जारी की ।

## टेटोरियल आर्मी के 66 वें स्थापना दिवस पर 128 ईटीएफ ने किया भव्य समारोह : जवानों में दिखा उत्साह

द डेस्प्रिंग

**जैसलमेर-रमेश प्रजापत** । मोहनगढ़ 128 इकॉलोजीकल टास्क फोर्स (ईटीएफ) ने रविवार को टेटोरियल आर्मी के 66 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन ईटीएफ परिसर में बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर कमान अधिकारी कर्नल मोहन सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके बाद ईटीएफ के कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें ईटीएफ द्वारा किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों की झलक प्रस्तुत की गई। डॉक्यूमेंट्री ने सभी



उपस्थित लोगों को प्रेरित किया और जवानों में गर्व की भावना जागृत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में स्थानीय एवं आमंत्रित लोक कलाकारों ने राजस्थानी लोक गीतों और नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। ढोल-ढमाकों और लोक वाद्य यंत्रों की धुन पर अतिथि व जवान झूम उठे। कार्यक्रम में जवानों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गीतों और समूह नृत्यों के माध्यम से देश सेवा की भावना का परिचय दिया।

कमान अधिकारी कर्नल मोहन सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में सभी जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईटीएफ सदैव देश की सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनहित के लिए समर्पित रही है। उन्होंने जवानों के परिश्रम और अनुशासन की सराहना करते हुए टीम भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों, जवानों और आमंत्रित अतिथियों के लिए बड़े खाने का आयोजन किया गया। सौहार्द और एकता के वातावरण में सभी ने एक साथ भोजन ग्रहण किया। पूरे दिन ईटीएफ परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त उपनिवेशन गजेंद्र शर्मा , नाचना वृत्ताधिकारी गजेंद्र सिंह, एसीएफ राजेंद्र ग्रोवर, हमीरा सरपंच तुलछ सिंह, विद्युत निगम के सहायक अभियंता परीक्षित वर्मा रेंजर, हनुमान राम बेनीवाल, पूनम सिंह, पत्रकार गिरधारी लाल लोहिया , मदनलाल सुथार, ग्रामीण गायड़ सिंह भाटी, लक्ष्मण सिंह, नरेश कुमार घिण्टाला, प्रेम करण सिंह भाटी, हरिश सिंधलिया, दुर्गा राम डारा के अलावा ईटीएफ के अधिकारीगण, जवान, गणमान्य नागरिक एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्थापना दिवस समारोह यादगार और प्रेरणादायक माहौल में संपन्न हुआ।

## बढ़ते क़दम सेवा समिति के द्वारा निःशुल्क भोजन वितरण सेवा का आयोजन

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज)** । बढ़ते क़दम सेवा समिति के द्वारा निःशुल्क भोजन वितरण सेवा का आयोजन शनि मन्दिर बिज्टी चौराहे पर निरन्तर पाँचवें सप्ताह दिन रविवार को किया गया जिसमें सितारगंज की धर्म प्रेमी ने बड़ी संख्या में पहुँचकर निःशुल्क भोजन का आनंद लिया समिति अध्यक्ष तेजिन्दर सिंह (सोनू माटा) ने बताया





समिति के सहयोगी नगरपालिका परिषद सभासद शिवपाल चौहान जी ने सेवा में पहुँचकर सहयोग किया समिति के सदस्यों के द्वारा उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया। वहीं निःशुल्क भोजन वितरण आयोजन मे रोहित बिष्ठ , चन्दन बोरा, अजय गुप्ता,ललित सक्सेना,खिलेन्दर चौहान , दीपक चौहान, योगेश वर्मा,यादराम सक्सेना,जानकी कोहली, वीना साहू , आदि लोग उपस्थित रहे ।

## एयर फोर्स एसोसिएशन राजस्थान की कार्यकारिणी का गठन

द डेस्प्रिंग




**जयपुर / (विनोद धायल)** । एयरफोर्स एसोसिएशन राजस्थान की कार्यकारिणी का गठन रविवार को अध्यक्ष एल.एन. कुमावत द्वारा सैनिक विश्राम गृह, जयपुर में किया गया। इस दौरान सभा में कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। पदाधिकारियों में आर. के. शर्मा व करण सिंह राठौड़ को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं प्रमोद कुमार योगी को सचिव, भवानी शंकर शर्मा को उप-सचिव, बालकृष्ण शर्मा को कोषाध्यक्ष व सत्य नारायण को उप-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा भी कार्यकारिणी में 7 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व संस्थापक सदस्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे।

## अहोई माताः संतान के जीवन में मंगल भरने वाली शक्ति



योगेश कुमार गोयल



करवा चौथ के चार दिन पश्चात और दीवाली से ठीक एक सप्ताह पहले भारत में हिन्दू समुदाय में एक प्रमुख त्यौहार ह्यअहोई अष्टमीह्ल मनाया जाता है, जो प्रायः वही स्त्रियां करती हैं, जिनके संतान होती है किन्तु अब यह व्रत निसंतान महिलाएं भी संतान की कामना के लिए करती हैं। ह्यअहोई अष्टमीह्ल व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है और इस वर्ष यह पर्व 13 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती है। उसी के पास सेई और सेई के बच्चों के चित्र भी बनाए जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पूजन के बाद दीवार पर लिखी अष्टमी का पूजन किया जाता है। फिर दूध-भात का भोग लगाकर कथा कही जाती है। आधुनिक युग में अब बहुत सी महिलाएं दीवारों पर चित्र बनाने के लिए बाजार से अहोई अष्टमी के रेडीमेड चित्र खरीदकर उन्हें पूजास्थल पर स्थापित कर उनका पूजन करती हैं। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को महिलाएं अपनी संतान की दीर्घ आयु तथा उनके जीवन में समस्त संकटों या विध्न-बाधाओं से उनकी रक्षा के लिए यह व्रत रखती हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा कंस द्वारा भेजे गए धोबी का वध करते प्रदर्शन किया जाता है। अहोई माता के रूप में अपनी-अपनी पारिवारिक परम्परानुसार लोग माता पार्वती की पूजा करते हैं।

अहोई अष्टमी व्रत के संबंध में कुछ कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथानुसार प्राचीन काल में किसी नगर में एक साहूकार रहता था। उसके सात लड़के थे। दीपावली से पहले साहूकार की स्त्री घर की लीपा-पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में गई और कुदाल से मिट्टी खोदने लगी। दैव योग से उसी जगह एक सेह की मांद थी। सहसा उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग गई, जिससे सेह का बच्चा तत्काल मर गया। अपने हाथ से हुई हत्या को लेकर साहूकार की पत्नी को बहुत दुख हुआ परन्तु अब क्या हो सकता था? वह पश्चाताप करती हुई शोकाकुल अपने घर लौट आई। कुछ दिनों बाद उसके बेटे का निधन हो गया। फिर अकस्मात दूसरा, तीसरा और इस प्रकार वर्ष भर में उसके सभी बेटे मर गए। महिला अत्यंत व्यथित रहने लगी। एक दिन उसने अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को विलाप करते हुए बताया कि उसने जानबूझकर कभी कोई पाप नहीं किया। हां, एक बार खदान में मिट्टी खोदते हुए अनजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या अवश्य हुई है और तत्पश्चात मेरे सातों बेटों की मृत्यु हो गई। यह सुनकर पास-पड़ोस की वृद्ध औरतों ने साहूकार की पत्नी को दिलासा देते हुए कहा कि यह बात बताकर तुमने जो पश्चाताप किया है, उससे तुम्हारा आधा पाप नष्ट हो गया है। तुम उसी अष्टमी को भगवती माता की शरण लेकर सेह और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर उनकी आराधना करो और क्षमा-याचना करो। ईश्वर की कृपा से तुम्हारा पाप धुल जाएगा। साहूकार की पत्नी ने वृद्ध महिलाओं की बात मानकर कार्तिक मास की कृष्णपक्ष की अष्टमी को उपवास व पूजा-याचना की। वह हर वर्ष नियमित रूप से ऐसा करने लगी। बाद में उसे सात पुत्र रत्नों की प्राप्ति हुई। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई।

अहोई व्रत के संबंध में एक और कथा प्रचलित है। बहुत समय पहले झांसी के निकट एक नगर में चन्द्रभान नामक साहूकार रहता था। उसकी पत्नी चन्द्रिका बहुत सुंदर, सर्वगुण सम्पन्न, सती साध्वी, शीलवन्त, चरित्रवान तथा बुद्धिमान थी। उसके कई पुत्र-पुत्रियां थे परन्तु वे सभी बाल अवस्था में ही परलोक सिधार चुके थे। दोनो पति-पत्नी संतान न रह जाने से बहुत व्यथित रहते थे। वे दोनों प्रतिदिन मन ही मन सोचते कि हमारे मर जाने के बाद इस अपार धन-सम्पदा को कौन संभालेगा? एक बार उन दोनों ने निश्चय किया कि वनवास लेकर शेष जीवन प्रभु-भक्ति में व्यतीत करें।

यही विचार कर दोनों अपना घर-बार त्यागकर वनों की ओर चल दिए। रास्ते में जब थक जाते तो रूककर थोड़ा विश्राम कर लेते और फिर चल पड़ते। इस प्रकार धीरे-धीरे वे बद्रिका आश्रम के निकट शीतल कुण्ड जा पहुंचे। वहां पहुंचकर दोनों ने निराहार रहकर प्राण त्यागने का निश्चय कर लिया। निराहार व निर्जल रहते हुए जब उन्हें सात दिन हो गए तो आकाशवाणी हुई कि तुम दोनों प्राणी अपने प्राण मत त्यागो। यह सब दुख तुम्हें तुम्हारे पूर्व पापों से भोगना पड़ा है। यदि तुम्हारी पत्नी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजन करे तो अहोई देवी प्रसन्न होकर साक्षात दर्शन देंगी। तुम उनसे दीर्घायु पुत्रों का वरदान मांग लेना। व्रत के दिन तुम राधाकुण्ड में स्नान करना।

चन्द्रिका ने आकाशवाणी के बताए अनुसार विधि-विधान से अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजा-अर्चना की और तत्पश्चात राधाकुण्ड में स्नान किया। जब वे स्नान इत्यादि के बाद घर पहुंचे तो उस दम्पत्ति को अहोई माता ने साक्षात दर्शन देकर वर मांगने को कहा।

साहूकार दम्पत्ति ने हाथ जोड़कर कहा, ह्यह्यहमारे बच्चे कम आयु में ही परलोक सिधार जाते हैं। आप हमें बच्चों की दीर्घायु का वरदान दें।ह्लह्ल

ह्यह्यतथास्तु!ह्लह्ल कहकर अहोई माता अंतर्ध्यान हो गई। कुछ समय के बाद साहूकार दम्पत्ति को दीर्घायु पुत्रों की प्राप्ति हुई और वे सुखपूर्वक अपना गृहस्थ जीवन व्यतीत करने लगे।

देवी पार्वती को अनहोनी को होनी बनाने वाली देवी माना गया हैं, इसलिए अहोई अष्टमी पर माता पर्वती की पूजा की जाती है और संतान की दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की जाती है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है।

एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो। बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है?

यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, संबंधियों और चमचों-चाटुकारों के चप्रव्यूह में फंसकर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते और स्तरहीन कलाबाजियां दिखाई जा रही हैं? संप्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद और प्रांतवाद को भड़का करके क्यों सत्ता की गोटियां बिठाई जा रही हैं? आज की राजनीति को देखकर मन ग्लानि और वितृष्णा से भर जाता है। आखिर यह सबकुछ कब तक चलता रहेगा?

## उपनिवेशवाद की सोच भारतीयो को कुछ नया करने में बाधक



कांतिलाल मांडोत

आरएसएस भारतीय रास्ट्रवाद का स्वयंसेवक संगठन के विजयादशमी के दिन सौ वर्ष पूर्ण होने पर देश-विदेश में राष्ट्र को समर्पित अनेक कार्यक्रम हुए और अभी भी जारी है।कई उतार चढ़ाव से गुजरने के बाद अब आरएसएस वटवृक्ष बन गया है।भारत की ज्ञान परम्परा और शिक्षा पद्धति पर चिंतन होता रहा है।दुनिया मे शायद ही किसी संगठन की इतनी आलोचना की होगी,जितनी आरएसएस की हुई है।बिना आधार के आरएसएस पर लगाए सभी आरोप कपोल कल्पित और जूठे साबित हुए।दरअसल,अपने मन मे देश के प्रति जज्बा लिए ये युवा अपना सर्वस्व अर्पण कर देशसेवा के लिए हर जंग लड़ने के लिए हर समय तैयार रहते है।नीतिमत्ता और ईमानदारी का गुण जीवन की आधारशिला है।समाज को आगे लाने के लिए हर कदम पर सहयोग मिलने से भारत एक मजबूत राष्ट्र बनता जा रहा है।रास्ट्रीय स्वयंसेवक से सरसंघचालक मोहन भागवत की सक्रियता और समर्पण भाव को देखकर हर व्यक्ति दंग रह जाता है। भाजपा के राजनैतिक वर्चस्व के इस दौर में राष्ट्रवाद की भगवा सोच भी उसी तीव्र गति से बढ़ाया गया।आज भाजपा की मजबूत नींव पर आरएसएस के शुद्ध संकल्प और अच्छी सोच का ही कारण रहा है।संघ ने शिक्षा पद्धति में आमूल-चूल परिवर्तन करने और भगवा विचारों में रंगने की चाह के लिए रणनीति के साथ पहल हुई थी।संघ का योगदान देश की आजादी के समय 1947 में भी भरपूर रहा है।कश्मीर पर पाकिस्तान सेना की गतिविधियों पर संघ बराबार नजर रखे हुए था।1962 में संघ के स्वयंसेवक जिस तरह सीमा पर पहुँचे, उसे पूरे देश ने देखा।1963 में 26 जनवरी पर प्रधानमंत्री नेहरू ने स्वयंसेवक के कार्यकताओं को परेड में शामिल होने का निमंत्रण दिया।ये देश के प्रति समर्पित है।1965 के भारत पाकिस्तान के युद्ध के समय लालबहादुर शास्त्री ने संघ को याद किया।स्वयंसेवको ने कानून व्यवस्था संभाली थीं।आरएसएस ने देशहित में अनेक ऐसे कार्य किये है।जिसका इतिहास बन चुका है।उपनिवेशवादी मानसिकता से मुक्त कराने के लिए शिक्षा से ही संभव है।और इस पर सरसंघचालक कही बार अपने मंच से बोलकर देश को अवगत कराते आ रहे है।शिक्षा के उद्देश्य, विषय वस्तु और व्यवस्था में भारतीयता होनी चाहिए।मोहन भागवत का सारा समय देश के लिए समर्पित है।देश मे आए दिन अनेक सभा और पथ संचलन के कार्यक्रम आयोजित कर युवाओ को प्रशिक्षित कर देशसेवा के प्रति समर्पण भाव के गुर सिखाए जा रहे है।संघ यह भी मानता है कि सत्ता से नही,बल्कि समाज के द्वारा ज्यादा प्रभावी होता है।वर्तमान में जो नवीन ज्ञान हमे मिल रहा है,उसे सीखे।जो सीखने योग्य है ,उसे अवश्य सीखे, किन्तु सीखने का उद्देश्य यही है कि हम अपने धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन मूल्यो को नष्ट करके की जरा भी भूल नहीं करे।यही शिक्षा उपादेय,सार्थक एवं गाह्य है,जिसके द्वारा सत्य,अहिंसा,अस्तेय,अपरिग्रह, इंद्रिय,निग्रह,त्याग,परोपकार, दया,करुणा आदि गुणों का विकास हमारे भीतर हो।यही धारणा और समर्पित जीवन का लक्ष्य लिए देश सेवा करते हुये आरएसएस के सौ वर्ष पूर्ण हो चुके है।स्वयंसेवक संघ में संवेदनशीलता,दया,करुणा,परदुःखकातरता सुषुप्त नही हुई है इनका मुख्य लक्ष्य व्यक्तिवाद और स्वार्थ साधना नही होकर केवल देश सेवा की रही है।रास्ट्रीय,सामाजिक,नैतिक अस्मिता की रक्षा के लिए शाश्वत जीवन मूल्यों के अभिरक्षक के प्रयास सतत कर रहे है।क्योंकि ये जानते है कि अनुसाशनहीनता और सद्गुणों की उपेक्षा से जीवन अपवित्र होता है।स्वयंसेवक सेदेश ,परिवार,समाज को कई अपेक्षाएं है ।मोहन भागवत मनोयोग से अध्ययन करने की सिख देते है।विद्यार्थियों में शिक्षा का स्तर बढ़ना चाहिए।संघ का दर्द उस समय झलका था।जब रोहित वेमुला प्रकरण,जेएनयू में कन्हैया प्रकरण,पश्चिमी बंगाल में जाधवपुर विवि की घटना और बिहार चुनाव से ठीक पहले असहिष्णुता के खिलाफ बुद्धिजीवियों की अवार्ड वापसी के झटकों ने भगवा ब्रिगेड को हिला दिया था।इनका यह भी मानना है कि मोदी के आने के बाद वामपंथियों को कमजोर कड़ी के तौर पर चुना,जहा उनका वर्चस्व है और एनजीओ वाले इनके साथ खड़े दिखते है।उसके बाद ही चुनिंदा रणनीतिकारों ने बौद्धिक आंदोलन का खाका तैयार किया।इसलिए मोहन भागवत शिक्षा परिवर्तन पर हर समय मंच से बात करते है।क्योंकि इस दौर में तेजी से जो क्षरण हो रहा है उसकी रोकथाम के लिए आपको आगे आने की जरूरत है।हम जिस देश मे जन्मे है,यही धरती महान है।यहां की संस्कृति अत्यंत गरिमा से परिपूर्ण है। हमे यहां की गौरवगरिमा की सुरक्षा के लिए हर समय स्वयंसेवक की तरह सचेष्ट रहना है।जहां भी पापो की ज्वाला उठे, द्रढता के साथ हमे उनका प्रतिकार करना चाहिए।

संघ मानता है कि भारतीय शिक्षा पद्धति में अंग्रेजी और वामपंथ का वर्चस्व है इसलिए भाजपा के सत्ता में आने से बने अनुकूल माहौल में परिवर्तन सुनिश्चित करना होगा।संस्कारित शिक्षा की पहल 1950 के दशक में ही कर दी थी।भारत की शिक्षा पूरी तरह आध्यात्म आधारित रही है।आर्थिक उपार्जन आवश्यक है,लेकिन वह केवल जीवन जीने के लिए है आध्यात्म के आधार पर ही राष्ट्र का उत्थान हो सकता है।

### अन्नदाताओं का सम्मान समृद्ध राष्ट्र का निर्माण

# जीएसटी मिला उपहार कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से किसानों में समृद्धि आएगी

द डेस्प्रिंग

**सोनभद्र ।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी ने कहा कि देश के सूची प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश को दिवाली का जो उपहार दिया है उस देश के किसानों का सम्मान बड़ा है और किसानों को ट्रैक्टर में पांच प्रतिशत जीएसटी के कारण भारी छूट मिला है कृषि यंत्रों पर जीएसटी दरें घटाकर 5' कर दी गई हैं, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिली है। नई जीएसटी दरें 22 सितंबर 2025 से लागू हो गई हैं।

## जीएसटी दरों में कटौती से लाभ

ट्रैक्टर : 1800 सीसी तक की क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर जीएसटी घटाकर 5' कर दिया गया है, जिससे



ट्रैक्टर खरीदना किसानों के लिए आसान हो जाएगा। कृषि यंत्र हार्वेस्टर, पावर टिलर, थ्रेशर जैसे कृषि यंत्रों पर भी जीएसटी दरें 5' कर दी गई हैं। जिसका लाभ सीधे किसानों को मिलेगा जैव-कीटनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्व इन पर जीएसटी दरें 12' से घटाकर 5' कर दी गई हैं, जिससे किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने कहा डेयरी क्षेत्र में दूध और पनीर पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा, जिससे किसानों और दुग्ध उत्पादकों को लाभ होगा।

सरकार ने बिचौलियों की भूमिका को निष्क्रिय करते हुए जीएसटी दरों का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाने की हरसंभव कोशिश करने का निर्देश दिया है। सभासद विनोद सोनी गामा, श्रीकांत तिवारी छोटक सोनी, मनीष विनोद गुप्ता अर्पित गुप्ता राजेंद्र केसरी आशु मोदनवाल शिव केसरी आदि लोगों उपस्थित रहे

### आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं G S T रिफॉर्म सम्मेलन 17 अक्टूबर 25 को: राजवीर सिंह राजावत

# भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है इनके बिना मंजिल पाना मुश्किल: डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह राठौर के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं त स ज्ञ रिफॉर्म सम्मेलन 17 अक्टूबर 25 को आयोजित किया जावेगा।सम्मेलन का सफल बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह के निवास स्थान पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई धौलपुर विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए धौलपुर विधानसभा कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री मदन लाल कोली



ने बताया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एवं G S T रिफॉर्म के लाभो से जनता लाभाविन्त हो रही है।धौलपुर जिले की चारो विधानसभाओ में आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं रिफॉर्म सम्मेलन किए जा रहे हैं। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए एक 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया।

**बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह ने कहा कि** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है इनके बिना कोई भी मंजिल पाना मुश्किल कार्य है। पार्टी का कार्यकर्ता भाजपा के लिए तन मन और धन से समर्पित है। मेरे घर के दरवाजे हमेशा खुले हैं कोई भी कार्यकर्ता कभी भी आ सकता है मैं उनके कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हु। बैठक में जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत,रजनी कांता कुशवाह, आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक मदन लाल कोली, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव रस्तोगी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशम्बर दयाल शर्मा,पूर्व शहर अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, धीर सिंह जादौन, जिला मंत्री सन्तोष गुर्जर, मुकेश हनुमान पूरा हेम सिंह लोधा, सारानी खेड़ा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह चौधरी, जाटोली मंडल अध्यक्ष राधेश्याम सक्सेना, बाचाराम बघेल, विजय त्यागी, ओम कार कटारा, प्रदीप सिसोदिया, रामकुमार गर्ग, नरेन्द्र सिंह ।

# करण मल्होत्रा हत्या के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार :शिनाख्त परेड मौके पर भारी पुलिस जाप्ता रहा मौजूद

द डेस्प्रिंग

**अमित भारद्वाज अलवर राजस्थान ।** अलवर जिले के उधोग नगर थाना क्षेत्र गांव देसूला निवासी युवक करण मल्होत्रा के सर पर लाठी डंडे व साइकिल रिम से वार कर हत्या करने में अस्पताल में किये गये धरना प्रदर्शन के दौरान अलवर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्या के आरोप में 4 आरोपी अजरूदिन (28) और मुनफेद (26) को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया, जबकि अली मोहम्मद (25) और शाहिद उर्फ सांडा (28) को आज गिरफ्तार किया है। पुलिस अब बाकी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना स्थल बखतल चौकी पर शिनाख्त परेड कराई गई परेड के दौरान पुलिस जाप्ते सहित



पुलिस अधिकारी मौजूद रहे पुलिस अन्य आरोपीयों कि तलाश कर रही है । करण मल्होत्रा हत्याकांड के 4 आरोपियों को गिरफ्तार करके पुलिस ने उनका जुलूस निकाला। पुलिस ने आरोपियों को फटे कपड़ों में नंगे पांव सड़क पर चलाया। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# सरमथुरा स्थित महाकालेश्वर के मंदिर पर आयोजित महापंचायत को सफल बनाने की अपील

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

सरमथुरा गांव बचाओ आंदोलन की प्रस्तावित महापंचायत की तैयारी में गांव बचाओ आंदोलन के संयोजक मोहन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में क्षेत्र के पंच पटेलों ने एक दर्जन गाँवों में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जनसंपर्क कर महाकालेश्वर के मंदिर पर आयोजित महापंचायत को सफल बनाने की अपील की ।नुक्कड़ सभाओं में वक्ताओं ने एक स्वर में लोगो का आह्वान किया कि सरकार जंगली जानवरों को बसाने के चक्कर में सेकड़ो गाँवों को तबाह कर रही है इस फ़ैसले को स्वीकार नहीं करेंगे ।इस आंदोलन को पूरी मजबूती के साथ जनता का आंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा अत सभी सामाजिक एवम राजनैतिक कार्यकर्ताओं से आग्रह है वो जातिगत व दलगत भेदभाव मिटाकर संगठित होकर संघर्ष करें ताकि हमारे गाँवो को बचाया जा सके,सेकड़ो सालों से एक एक ईट जोड़कर लोगो ने अपने घर और आशियाने बनाये हैं उनके पट्टे जारी कर के



उन्हें मालिकाना हक दिया जाए।पंचायत में चन्द्रावली सरपंच वचन सिंह मीणा, बॉक्सर शेरा गुर्जर,गुटिया ठेकेदार डोमाई,मोहन लाल मीना पूर्व सरपंच चन्द्रावली,हरिराम शीतलपुरा,रामबाबू शीतलपुरा,आदि पंच पटेलों ने अपने विचार व्यक्त किए और कोनेशा,बिलोनी,चन्द्रावली,खरोली,चन्दपुरा,बथुआखो, कंचनपुरा,कोटे,छिंगापुरा,बड़ागांव,बसंतपुरा आदि दर्जनों गाँवों में संचालन बॉक्सर शेरा गुर्जर ने किया

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया सिद्धपीठ हथियाराम मठ का दर्शन; गाजीपुर के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक गौरव को किया नमन गाजीपुर

द डेस्प्रिंग

## योगी आदित्यनाथ सीएम ने किया सिद्धपीठ हथियाराम मठ का दर्शन; गाजीपुर के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक गौरव को किया नमन

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने अपने गाजीपुर भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिले के प्राचीन और प्रसिद्ध सिद्धपीठ हथियाराम मठ में विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने मठ की अधिष्ठात्री देवी माता वृद्धम्बिका का आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की धार्मिक चेतना को जन-जन तक पहुँचाने वाले संन्यासी परंपरा की सराहना की। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का संगम सीएम योगी आदित्यनाथ ने मठ में पूजन के पश्चात महंत रामाश्रय दास पीजी कॉलेज, भुड़कुड़ा में महंत रामाश्रय दास जी की मूर्ति का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम गाजीपुर की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को पुनः स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। इस अवसर पर सिद्धपीठ हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति जी महाराज ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिया । प्रबुद्ध जन विकास और विरासत की चर्चा मठ परिसर में आयोजित प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गाजीपुर के विकास, सांस्कृतिक महत्व और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि गाजीपुर न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसकी आध्यात्मिक चेतना पूरे प्रदेश को दिशा देती है।"यह जनपद ऋषि विश्वामित्र जैसे महापुरुषों की तपोभूमि रही है। यहां 900 वर्षों से संन्यासी परंपरा जीवित है जो आज भी



समाज को अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित कर रही है।"

**उन्होंने आगे कहा,** "भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक चेतना है। जब तक हम अपनी परंपराओं और विरासत से जुड़े रहेंगे, तब तक हम भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की दिशा में अग्रसर रहेंगे ।"

### शहीदों के परिजनों का सम्मान

कार्यक्रम में जनपद के वीर सपूतों - परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद और महावीर चक्र विजेता रामउग्रह पांडेय के परिजनों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने इसे "राष्ट्रीय कर्तव्य" बताते हुए कहा कि वीरों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का उत्तरदायित्व है ।

### राम मंदिर एक सपना था, आज साकार है

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने राम मंदिर निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि, "जो सपना कुछ वर्षों पहले था, वह आज भारतवासियों की संकल्पशक्ति के बल पर साकार हो चुका है। अयोध्या अब एक नई पहचान बन चुकी है और यही हमारी सांस्कृतिक चेतना की शक्ति है।"

आध्यात्मिकता के साथ राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत की आत्मा उसकी आध्यात्मिक चेतना में बसती है। उन्होंने कहा कि यदि कोई नागरिक इस चेतना के साथ कार्य करता है, तभी वह समाज और राष्ट्र के भौतिक विकास में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने मठ-मंदिरों के संरक्षण, संत परंपरा के सम्मान और राष्ट्र निर्माण में सामाजिक सहभागिता पर बल दिया ।

### सरकार की प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार संस्कृति, शिक्षा और धार्मिक स्थलों के संरक्षण में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। साथ ही, अपराध और माफियाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति पर भी मजबूती से अमल हो रहा है ।

### सरकार की योजनाओं की प्रदर्शनी

मठ परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें स्थानीय नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनका लाभ दिलाने की दिशा में पहल की गई । इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रविंद्र जयसवाल, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत, एमएलसी विशाल सिंह चंचल और विनीत सिंह, विधायक बेदी राम, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, मंडलायुक्त एस. राजलिंगम, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, और कई संत-महात्मा एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष यादव ने किया, जबकि समापन के उपरांत हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मठ की परंपरा में अपनी श्रद्धा अर्पित की

### सिडकुल क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़

# 71 पाउच कच्ची शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, पुलिस की दबिश से भागे कई आरोपी

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**सितारगंज(दीपक भारद्वाज) ।** पुलिस ने रविवार देर शाम सिडकुल क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को दबोच लिया, जबकि उसके कई साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। अपर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह दानू, का. अमित जोशी व पुलिस टीम बहवाले रपट संख्या 14 के तहत क्षेत्र में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु गश्त कर रहे थे। इसी दौरान कृष्णा धर्म कांटे के पास झोपड़ी किनारे कुछ संदिग्ध लोग घेरा बनाकर खड़े दिखाई दिए। पुलिस को वर्दी में आता देख सभी तितर-बितर होकर भागने लगे, लेकिन एक व्यक्ति को मौके से धर दबोचा गया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम प्रशान्त सरकार पुत्र रतन सरकार, निवासी जेल कैम्प नं. 4, ठाकुरनगर शक्तिफार्म, थाना सितारगंज, उम्र 53 वर्ष बताया।तलाशी लेने पर उसके पास से सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे में रखे 71 पाउच (लगभग 25 लीटर) कच्ची शराब बरामद हुई।अभियुक्त को धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर माल-मुल्क समेत थाने लाया गया है। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में अवैध शराब की सप्लाई चेन पर यह कार्रवाई बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में दबिशें दे रही है। अपर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह दानू ने बताया कि अवैध शराब और नशे के कारोबार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा।

# कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह ने पटका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलायी

## कांग्रेस की सदस्यता ली, प्रदेश सरकार को नाकाम बताया

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज)।** सितारगंज में रविवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह ने पटका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। हल्दुआ निवासी फतेह सिंह ने भी अपने साथियों व समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेता नवतेज पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है।



सरकार सभी वर्गो का भरोसा खो चुकी है। युवा रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। राज्य में नौकरियां बेची जा रही है। सिडकुल में भी स्थानीय युवाओं को रोजगार देने से मना किया जा रहा है। किसानों के साथ खुली लूट हो रही है। 12 दिन में सरकारी कांटों में तौल नहीं के बराबर हुई है। सरकारी अधिकारी व महकमे कार्यकर्ता की भाति कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में राज्य की जनता प्रदेश की भाजपा सरकार को उखाड़ फैकेगी। यहां एहसान मंसूरी, अजीम, सलीम, रवि कुमार, दीपराज आदि रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस के 100 वर्ष गौरव पूर्ण पुरे होने पर पथ संचलन निकलने पर लाल चौक मे कि पुष्प वर्षा




द डेस्प्रिंग न्यूज़

**रानी/नगराज वैष्णव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस के 100 वर्ष गोरव पूर्ण पुरे होने पर आज सुन्दर नगर प्रताप बाजार से धर्मवीर मैदान तक पथ संचलन निकलने पर लाल चौक प्रताप बाजार में पुष्प वर्षा कि गई। जिसमे-जयन्तिलाल वैष्णव, रमेश आर जैन, जुगल किशोर अग्रवाल, भरत बोराणा, रवि धोका, राहुल सोनी, गौरव सोनी रिंकू सोंलकी, दिनेश सोनी, गुलाब कुमावत, नारायण सिंह राजपुरोहित, लादूराम बैरवा, मदनलाल गौतम, मोतीलाल प्रजापत, अविनाश शर्मा, सुभम सोनी आदि स्वयंसेवक एवं व्यापारी बंधु मौजूद थे।

# पांडे के निधन पर गहरा शोक जताया

द डेस्प्रिंग

**सीकर। नरेश सैन** सीकर व्यापार संघ के संरक्षक महावीर पान्डे के असमायिक निधन पर व्यापार संध ने कीया गहरा शोक प्रकट भगवान से प्रार्थना भगवान महावीर पान्डे की आत्मा को शान्ति प्रदान करे व परिवार को दुरव की घड़ी मे संबल प्रदान करे ।महावीर पान्डे एक मिलन सार एव स्वच्छ छवि के इंसान थे। उनके निघन से व्यापार संध को गहरा झटका लगा है। अध्यक्ष दयाल सिंह शेखावत संरक्षक पनालाल सारडा : महेन्द्र कुमार लोहिया : जिला प्रभारी बीएल सोनी संस्थापक राधेश्याम पारीक ,संजय कौशिक,गणेश सोनी ,जसवीरभूकर ,गणेश सोनी अशोक कुमार कलावटिया सहित शहर के प्रबद्जन सामाजिक संघटन राजनेता पत्रकारो सहित काफी संख्या मे लोगो ने शवयात्रा मे भाग लिया।

# तीन महीने में दूसरी बार जयपुर आ रहे अमित शाह

## कल 3 नए कानूनों की प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन, 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का भी शुभारंभ

द डेस्प्रिंग

अमित शाह ने 17 जुलाई को जयपुर के दादिया में आमसभा को संबोधित किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल सोमवार को जयपुर आ रहे हैं। शाह तीन महीने में दूसरी बार जयपुर आ रहे हैं। इससे पहले अमित शाह ने 17 जुलाई को जयपुर में सहकार सम्मेलन का उद्घाटन किया था। जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में शाह तीन नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। 6 दिवसीय प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन एक जुलाई 2024 से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम का एक साल पूरा होने के उपलक्ष में छह दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार ने छीनी परिवार की खुशियाँ! मजदूरी पर जा रहे पिता को लापरवाह बाइक सवार ने मारी टक्कर,

## गंभीर हालत में आईसीयू में जीवन-मृत्यु से जूझ रहे - बेटी ने कोतवाली में दी तहरीर, न्याय की लगाई गुहार

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज(दीपक भारद्वाज)।** क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम साधूनगर निवासी सुत्तल सिंह पुत्र स्व. छोटे लाल रोज की तरह 4 अक्टूबर की दोपहर लगभग 12 बजे अपनी साइकिल से बाला जी कम्पनी में मजदूरी करने जा रहे थे। इसी दौरान हल्द्वानी-सितारगंज मार्ग पर पीछे से आ रहे एक अत्यधिक तेज रफ्तार व गलत तरीके से चल रहे बाइक सवार बाइक नंबर यूके 06 एजेड-7991 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में सुत्तल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए – उनका सिर फट गया, दोनों कानों से खून बहने लगा और बायां हाथ टूट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस ने तत्काल घायल को सीएचसी सितारगंज पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उनकी हालत को गंभीर बताते हुए हाई सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें तत्काल गौतम हॉस्पिटल, रुद्रपुर लेकर पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू वेंटिलेटर पर भर्ती किया है। फिलहाल घायल की हालत नाजुक बनी हुई है।घटना के कई दिन बीत जाने के बाद पीड़िता साहिल पुत्री सुत्तल सिंह ने आज कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर दुर्घटना करने वाले अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साहिल ने बताया कि उनके पिता परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं, और अब वे अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से न्याय और आरोपी के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना पर गहरा रोष जताते हुए कहा कि तेज रफ्तार व लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों और निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सके।

### शक्तिफार्म में पुलिस का शिकंजा, रातोंरात गश्त के दौरान दबोचा गया शराब तस्कर

# 39 पाउच कच्ची शराब बरामद, आरोपी बोला 'गरीबी में मजबूर होकर बेचता हूं शराब'

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज(दीपक भारद्वाज)** थाना सितारगंज पुलिस ने देर रात अवैध शराब तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए शक्तिफार्म क्षेत्र से एक तस्कर को रंगे हाथ पकड़ा। अपर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह अपनी टीम कांस्टेबल भवान सिंह व देवेंद्र कन्याल के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग में थे, तभी गुरुग्राम रोड स्थित आनंदनगर मार्ग के पास एक व्यक्ति सफेद कट्टा लिए संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति भागने लगा, लेकिन पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे खाली प्लाट में दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रंजन चौधरी (38) पुत्र स्व. सुबोध चौधरी निवासी गुरुग्राम रोड, दीनदयाल वार्ड नं-4, शक्तिफार्म बताया। तलाशी में उसके पास से सफेद प्लास्टिक के कट्टे में रखे 39 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। मौके पर ही पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गरीबी के चलते कच्ची शराब बेचकर अपने परिवार का पेट पालता है। पुलिस ने आरोपी को धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। इस अभियान से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने कहा कि ऐसे अपराधियों पर निगरानी बढ़ाई जा रही है और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सरमथुरा स्थित महाकालेश्वर के मंदिर पर आयोजित महापंचायत को सफल बनाने की अपील

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़



सरमथुरा गांव बचाओ आंदोलन की प्रस्तावित महापंचायत की तैयारी में गांव बचाओ आंदोलन के संयोजक मोहन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में क्षेत्र के पंच पटेलों ने एक दर्जन गाँवों में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जनसंपर्क कर महाकालेश्वर के मंदिर पर आयोजित महापंचायत को सफल बनाने की अपील की ।नुक्कड़ सभाओं में वक्ताओं ने एक स्वर में लोगो का आह्वान किया कि सरकार जंगली जानवरों को बसाने के चक्कर में सेकड़ो गाँवों को तबाह कर रही है इस फ़ैसले को स्वीकार नहीं करेंगे ।इस आंदोलन को पूरी मजबूती के साथ जनता का आंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा अत सभी सामाजिक एवम राजनैतिक कार्यकर्ताओं से आग्रह है वो जातिगत व दलगत भेदभाव मिटाकर संगठित होकर संघर्ष करें ताकि हमारे गाँवो को बचाया जा सके,सेकड़ो सालों से एक एक ईट जोड़कर लोगो ने अपने घर और आशियाने बनाये हैं उनके पट्टे जारी कर के उन्हें मालिकाना हक दिया जाए।पंचायत में चन्द्रावली सरपंच वचन सिंह मीणा, बॉक्सर शेरा गुर्जर,गुटिया ठेकेदार डोमाई,मोहन लाल मीना पूर्व सरपंच चन्द्रावली,हरिराम शीतलपुरा,रामबाबू शीतलपुरा,आदि पंच पटेलों ने अपने विचार व्यक्त किए और कोनेशा,बिलोनी,चन्द्रावली,खरोली,चन्दपुरा,बथुआखो, कंचनपुरा,कोटे,छिंगापुरा,बड़ागांव,बसंतपुरा आदि ।

मीडिया परिवारों मेला दशहरा में सांस्कृतिक भ्रमण कार्यक्रम आज

# विश्व प्रसिद्ध जेमिनी सर्कस का लाइव शो निशुल्क दिखाया जाएगा

## आइमा मीडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम

द डेसिंप्रग

**फरीद खान/कोटा ।** ऑल इंडिया मीडिया फाउंडेशन कोटा कमेटी द्वारा आगामी 12 अक्टूबर (रविवार) को मीडिया फैमिली मेला भ्रमण 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कार्यक्रम कोटा के राष्ट्रीय दशहरा मेला ग्राउंड में आयोजित होगा, जिसमें जिले और प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार, डिजिटल न्यूज़ रिपोर्टर, इनफ्लुएंसर तथा उनके परिवारजन भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य मीडिया परिवारों के बीच सांस्कृतिक एकता, संवाद और सौहार्द को बढ़ावा देना है।







**फाउंडेशन की जिला सचिव जेबा पटेल ने बताया** कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4:00 बजे से जेमिनी सर्कस के विशेष शो के साथ होगा, जिसमें मीडिया सदस्यों के लिए आरक्षित सीटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। सर्कस के आकर्षक प्रदर्शन के बाद शाम 7:30 बजे सभी सदस्य बाली गेट से सामूहिक रूप से मेला परिसर में प्रवेश करेंगे। मेला भ्रमण के दौरान राम गेट के समीप एयर इंडिया द्वारा विशेष शो प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात उपस्थित सदस्यगण मेले के मुख्य आकर्षण झूले, भूत बंगला, राम मंदिर दर्शन और पारंपरिक राजस्थान की झलक दिखाने वाले विभिन्न प्रदर्शनों का आनंद लेंगे। कार्यक्रम में मीडिया हाउस राजस्थान न्यूज़ एजेंसी का विशेष सहयोग रहेगा।

**आइमा जिलाध्यक्ष आर.एस. सामरिया ने बताया कि** यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं बल्कि मीडिया जगत के पारिवारिक मिलन का अवसर है, जहाँ पत्रकारिता और संस्कृति का संगम एक साथ देखने को मिलेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थिति और पास लेकर पहुंचने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया कवरेज, ग्रुप फोटोग्राफी और सोशल मीडिया लाइव सेशन भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के लिए सर्कस प्रबंधन आजम सिद्दीकी और दीपराज सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है।

# ग्राम पंचायत किकराली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लाभ वितरण

द डेसिंप्रग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किकराली में राज्य सरकार के सेवा शिविर पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत किकराली में ग्रामीण सेवा शिविर 2025 का आयोजन किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया।

शिविर के दौरान सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में ग्राम किकराली की निवासी शारदा पत्नी राजाराम को उनके विशेष योग्यजन हेतु ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। सहायक उपकरण मिलने से अब उन्हें आवागमन में सुविधा मिल रही है और वे प्रसन्नता अनुभव कर रही हैं।




### शिविर के दौरान विभागों द्वारा निम्न कार्य संपन्न किए गए—

1. स्वामित्व योजना के अंतर्गत पट्टा वितरण, 2. सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल वितरण, 3. सहायता खाता विभाजन, 4. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम, 5. किसान एप से गिरदावरी प्रशिक्षण, 6. स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोषण किट वितरण, 7. विवाह प्रमाण पत्र ज़ारी किए।

शिविर में उपस्थित अधिकारीगणों में मुख्य रूप से आईएएस राहुल श्रीवास्तव एसडीओ, सोहनलाल ढ़िल प्रधान, पंचायत समिति नोहर, संजीव सिहाग एनटीडीआर, पवन सुथार बीडीओ, 5पंचायत समिति नोहर, बनवारी लाल सुथार ग्राम विकास अधिकारी, महावीर घिंटाला, गुड्डी देवी गोदारा सरपंच तथा प्रतीक गर्ग बीएसए नोहर व सरपंच प्रतिनिधि रणजीत गोदारा आदि उपस्थित रहे।

### परिणाम

सहायक उपकरण मिलने से अब लाभार्थी शारदा देवी को दैनिक जीवन में आवागमन की सुविधा प्राप्त हो रही है। उपस्थित अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 230 मरीजों को दवा वितरण किया गया । इसमें ऑफिसर राकेश कुमार फार्मासिस्ट, महेंद्र सिंह एप्लीकेशन, प्रकाश कुमार, मदन शर्मा, दीपचंद, गौरी शंकर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता समेंस्त्रा, शांति देवी इंद्र विनोदबाला आदि कार्मिक उपस्थित रहे

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने आरएसएस पथ संचलन पर बरसाए फूल,गूंजा भाईचारे और एकता का संदेश

## कार्यक्रम के दौरान माहौल 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा

द डेसिंप्रग

**सितारगंज(दीपक भारद्वाज)** । राष्ट्रीय एकता और सौहार्द का प्रतीक बन गया, जब मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पथ संचलन पर पुष्प वर्षा कर सर्वधर्म समभाव और राष्ट्रप्रेम की मिसाल पेश की।कार्यक्रम के दौरान माहौल 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से गूंज उठा। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक सैयद दानिश जान की अगुवाई में मंच के जिला संयोजक सैयद अमजद अली, नगर संयोजक मुसरत अली, नगर सहसंयोजक फिरोज़ खान, जिला सहसंयोजक जाहिद अजहरी,




विधानसभा संयोजक खटीमा बादल, जावेद असारी, हाममाल हसन, अकील सैफी, आसिफ अली, सर्वद इदरीशी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया और राष्ट्र की एकता-अखंडता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में पीलीभीत से जिला संयोजक सैयद आरिफ अली भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा की गई इस पहल ने क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश करते हुए समाज में सौहार्द और आपसी भाईचारे का सशक्त संदेश दिया। वहीं भाजपा नेता सुमन राय ने महाराणा प्रताप चौक पर राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया इस मौके पर सुमन राय ,वंदना चौहान ,संजना जोशी ,कनुप्रिया पांडे ,गीता घरकोटी आदि मौजूद थे

# रानी प्रताप बाजार बस्ती पथ संचलन

द डेसिंप्रग

**रानी / नगराज वैष्णव ।** प्रताप बाजार बस्ती पथ संचलन सम्पत स्थान सुन्दर नगर इटन्दरा मार्ग ऊर्फ इन्दरा कच्चा मार्ग से चुंगी नाका आर्दश मिष्ठान से लालचौक से गणपती चौक से रेल वे फाटक चौराया से एस पी पैट्रैल पम्प से एस बी आई बैक से विजय मालवीय से राधाकृष्ण धाम से हनुमान प्याऊ से सब्जी मण्डी मांगीलाल से धर्मवीर मैदान तक , कदम ताल करते , स्वय सेवक , जे घोष के साथ , बैंड की धून के साथ , गण वेश मे मन मोहक दृष्य , देश भक्ती का जज्बा जगाते ! जगह जगह पुष्प वर्षा , हाईड्रो से पुष्प वर्षा , दोनो भारी



संख्या मे महिलाए पुरुष पुष्प वर्षा करते हुए ! धर्मवीर मैदान मे समपन्न हुआ वहा पर बोधीक , के साथ राष्ट्र भक्ती पर बोधिक हुआ , प्रार्थना के साथ कार्यक्रम आयोजित किया ! मुख्य अतिथि राजेन्द्र पुरी महाराज ऊ गुरु कुल जाडन, सुकनराज सुथार आर्दश विध्या मंदिर अध्यक्ष , रानी खण्ड संचालक डा.नन्द किशोर चौधरी , ओमप्रकाश शर्मा सादडी कार्य करम सम्पन्न हुआ !

विश्व गगन पर भरत देश की फहरे फिर से अरुण पताका प्राण बिंदु हिंदुत्व हमारा अविरल जो अमृत बरसाता ! राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रानी ! सोहन लाल पटेल ने बौद्धिक सुनाया !

# मुश्ताक क्लब जयपुर द्वारा एक दिवसीय क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन

द डेसिंप्रग

**जयपुर।** मुश्ताक क्लब जयपुर के तत्वाधान में रेलवे क्रिकेट ग्राउंड, गणपति नगर, जयपुर पर एक दिवसीय क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी एवं वरिष्ठ क्रिकेटरों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रही, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। मैच के समापन अवसर पर हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने शामिल होकर विजेता टीम और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था, वहीं खेलप्रेमियों ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने इस आयोजन को खेल को बढ़ावा देने, शारीरिक स्वस्थता और युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं बल्कि समाज में एकता, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी सशक्त बनाते हैं। आयोजक शब्बीर हुसैन ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विमल राय जी सोनी, अखिलेश चतुर्वेदी जी, शाकिर हुसैन जी, लियाकत अमर जी, आनन्द सिंह जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, खेलप्रेमी और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# महालक्ष्मी पूजा में हुआ दिव्य षष्टी पुजन और की गई सभी के सुख समृद्धि की कामना

द डेसिंप्रग

**सीकर। नरेश सैन ।** श्री कल्याण धाम में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में चल रही 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजन में रविवार को दिव्य षष्टी पुजन हुआ जिसमे भक्तो ने महालक्ष्मी की महाआरती के पश्चात षष्टी देवी के जाप किए गए तथा सभी भक्तो की सुख समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की मंदिर व्यवस्थापक रविप्रसाद शर्मा ने बताया की दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को 108 यजमानों द्वारा महालक्ष्मी की विशेष पूजा की जायेगी दिनांक 15 अक्टुबर 2025 को 108 कन्याओं का पूजन किया जाएगा। महालक्ष्मी की आरती में यूआईटी सीकर के सचिव जेपी गौड, समाजसेवी



अमित चिराणिया,मोहनिश चुग, मणि शंकर खेतान,सीए राजीव लोचन शर्मा, एडवोकेट अंगद तिवाड़ी,लोकेश हाजरिका, अनिल तोदी , राजवीर सिंह शेखावत,शामिल हुए।

# मिशन शक्ति: महिला सुरक्षा और योजनाओं पर विशेष जागरूकता अभियान

द डेसिंप्रग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली) ।** महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के पाँचवें चरण (फेज़-5) के तहत रविवार को महिला थाना जनपद बरेली के विशेष दल ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर एक सघन जागरूकता अभियान चलाया।

### योजनाओं और सुरक्षा की जानकारी

विशेष दल में महिला उप निरीक्षक पुष्पांजलि सिसोदिया के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल आरती विश्नोई और अनुप्रभा यादव सहित अन्य कर्मियों द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी



योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### प्रमुख योजनाएँ जिनके बारे में बताया गया-

**पेंशन योजनाएँ :** विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना,आर्थिक एवं सामाजिक लाभ : सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), और नशा मुक्ति भारत अभियान।

### आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर

किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता सुनिश्चित करने के लिए, महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया

वूमेन पावर लाइन- 1090
महिला हेल्पलाइन -181
पुलिस आपातकालीन सेवा- 112
स्वास्थ्य सेवाएँ- 102 व 108
चाइल्ड लाइन- 1098
साइबर क्राइम हेल्पलाइन- 1930
मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 1076

महिला थाना के विशेष दल का यह प्रयास महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें कानूनी व सरकारी सहायता तक पहुँचने में मदद करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम दीप-समृद्धि 2025 का हुआ आयोजन

द डेसिंप्रग

**जयपुर।** निशा फाउण्डेशन परिवार की ओर से राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम दीप समृद्धि 2025 का आयोजन कुमावत सेवा सदन रेनवाल में किया गया। राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में हमारी संस्कृति और परंपरा मरूधरा की अद्भुत सांस्कृतिक झलक के अनैक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर...









# राजस्थान राज्य भारत स्काउट गइड का तृतीयसोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर संपन्न

द डेसिंप्रग

**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 29 डीडब्ल्यूडी (रावतसर)में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य अजमेर सिह , सरपंच मोहनलाल सिंगाठिया ने किया। गौशाला समिति के अध्यक्ष विकास पुरोहित एवं केशव मूंड ,मदन पंचारिया, रामस्वरूप जांगड़ा, महावीर शर्मा आदि ने इन बच्चों के लिए भरपूर सहयोग किया । इस शिविर में 18 विद्यालयों के लगभग 260 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।शिविर में बच्चों स्काउट गाइड का इतिहास कला कौशल घंटे गांठे झंडा ध्वज शिष्टाचार अनुशासन स्काउट गाइड नियम प्रतिज्ञा तथा खाना बनाना ज्ञानेंद्रिय का उपयोग , अनूप योगी वस्तुओं का प्रयोग करना तंबू में रहना मुझे योग संगीत आत्मनिर्भर बनना भाईचारा हाइक तथा बहुत सारी रोचक जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया । नवनियुक्त सचिव अमर सिंह चौहान के नेतृत्व में एकशानदार शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में मुख्य भूमिका पूर्व सचिव रजीराम बारुपाल की रही, ।जिनके नेतृत्व में समस्तस्काउट गाइड को



समय-समय पर हर वस्तु भोजन, नाश्ता उपलब्ध कराया गया ।शिविराधिपति अजमेर सिंह ने स्काउट गाइड की पोशाक पहनकर कुशल नेतृत्व करके शिविर में दिन-रात रहकर पूर्ण सहयोग दिया ।तथा विशाल कैंप फयर में उन्होंने अपनी पंजाबी पोशाक खुद का गीत सुना कर सबको रोमांचित कर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्काउट शिविर सचालक सुरेंद्र गोदारा व्याख्याता रहे। तथा गाइड की सिविल संचालक प्रेमलता मीणा रही । शिविर के मुख्य प्रशिक्षक पुष्पेंद्र सिंह निरंकारी,पृथ्वीराज बांदड़ा, अमर सिंह चौहान बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे ।जिन्होंने अपने गीतों, हास्य रचनाओं, व कलाओं के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षण किया।विशाल कैंप फायर के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील जोशी थे। अपने बच्चों के तंबू उनके कार्यक्रम को देखकर गदगद हुए और भारी सराहना की तथा उन्होंने कहा की स्काउट स्वावलंबी बनाता है उन्होंने सभी विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों को इस प्रकार की गतिविधि सुचारु करने के लिए धन्यवाद दिया।?विशाल कैंप फायर के दौरान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। डीडी किड्स के छोटे-छोटे बच्चे जिन्होंने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर, लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। डेडी किड्स माध्यमिक विद्यालय की निर्देशिका सुषमा सिहाग ने अतिथियों का पुष्प गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा बच्चों ने फुलझड़ी और आतिश बाजी बजाकर करके स्वागत किया। डीडी किड्स के प्रधानाध्यापक जसवीर सिहाग ने प्रतिदिन बच्चों को फ्रूट वितरित किए जो की एक कुशल समाजसेवी का परिचय देता है द्यइसके अलावा बच्चों को कुछ समाजसेवी ने भोजन वितरित किया जिसमें सुरेंद्र , पंकज पुस्तक भंडार, पंचायत समिति सदस्य सोहन सिंह, उप सरपंच मनिंदर हरदीप बराड़ ,गौशाला कमेटी तथा अन्य समाज सेवी रावतसर गंधेली तथा 29 डी डबल्यु डी की के रोवर्स ने काफी कार्य करके और अकाउंट सेवा की भावना को उजागर किया।

भारत बनाम वेस्टइंडीजः



# बतौर कप्तान कोहली की बराबरी पर पहुंचे गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल एक कैलेंडर ईयर में पांच टेस्ट शतक जमाने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं। गिल ने शनिवार को वेस्टइंडीज के विरुद्ध अरुण जेटली स्टेडियम में जारी दूसरे टेस्ट में शतक लगाया। इसी के साथ उन्होंने विराट कोहली की बराबरी कर ली है। शुभमन गिल को इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम का टेस्ट कप्तान चुना गया था। यहां गिल ने लीड्स में 147 रन की पारी खेली, जिसके बाद बर्मिंघम में 269 और 161 रन बनाए। इसके बाद गिल ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के विरुद्ध 103 रन की पारी खेली। इस सीरीज में शुभमन गिल 10 पारियों में 75.40 की औसत के साथ 754 रन बनाकर शीर्ष बल्लेबाज रहे। भारत ने इंग्लैंड दौरे पर 5 मुकाबलों की सीरीज को 2-2 से ड्रॉ पर खत्म किया। इसके बाद गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 50 रन बनाए। टीम इंडिया ने यह मैच पारी और 140 रन से जीता। इसके बाद दिल्ली टेस्ट में शतक जड़कर गिल ने एक बार फिर खुद की उपयोगिता साबित कर दी है। शुभमन गिल से पहले विराट कोहली एक कैलेंडर ईयर में बतौर कप्तान पांच टेस्ट शतक जमाने वाले भारतीय बन चुके हैं। कोहली साल 2017 और 2018 में यह कारनामा कर चुके हैं। गिल ने अपने टेस्ट करियर के 39 मुकाबलों में 10 शतक जमाए हैं। बतौर कप्तान उन्होंने 12 पारियों में पांचवां शतक लगाया। दिल्ली में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी 518/5 पर घोषित की। इस पारी में यशस्वी जायसवाल ने 175 रन बनाए, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद रहते हुए 129 रन टीम के खाते में जोड़े।

## खराब फॉर्म के चलते सूर्यकुमार यादव की टीम से छुट्टी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इन दिनों अपने करियर के मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं. एशिया कप 2025 में भले ही भारत ने उनकी कप्तानी में खिताब जीता हो, लेकिन सूर्या का बल्ला पूरे टूर्नामेंट में खामोश ही रहा. अब उनकी खराब फॉर्म का असर घरेलू क्रिकेट में भी देखने को मिला है. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने आगामी रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए जो स्क्वॉड जारी किया है, उसमें सूर्यकुमार यादव को जगह नहीं दी गई है.

### टीम से बाहर हुए सूर्या

रणजी ट्रॉफी 2025-26 का आगाज 15 अक्टूबर से होने जा रहा है. इस बार 42 बार की चैंपियन मुंबई अपनी पहली भिड़ंत जम्मू-कश्मीर से करेगी. शुक्रवार, 10 अक्टूबर को स्ष्ट ने 16 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान किया, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस टीम में सूर्यकुमार यादव का नाम शामिल नही था. सूत्रों के मुताबिक, सूर्यकुमार को बाहर करने के पीछे जो प्रमुख कारण हो सकता हैं, वो है उनकी हाल की कमजोर फॉर्म. इसके अलावा यह भी माना जा रहा है कि उन्हें आराम दिया गया है क्योंकि 20 अक्टूबर के बाद वे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना होंगे. हालांकि कई विशेषज्ञों का मानना है कि सूर्या को यह मैच खेलना चाहिए था ताकि उन्हें सीरीज से पहले कुछ गेम टाइम मिल पाता.

### शार्दुल ठाकुर को सौंपी कप्तानी


मुंबई टीम में इस बार कप्तानी को लेकर भी बड़ा बदलाव हुआ है. अजिंक्य रहाणे, जो पिछले सीजन में टीम की अगुवाई कर रहे थे, उन्होंने इस बार कप्तानी छोड़ दी है. एमसीएने उनकी जगह शार्दुल ठाकुर को नया कप्तान बनाया है. रहाणे हालांकि टीम का हिस्सा बने रहेंगे और मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे. टीम में एक और बड़ा नाम शिवम दुबे का है, जो हाल ही में शानदार फॉर्म में दिखे हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में भी चुने गए हैं.

### हार्दिक को फिर चढ़ा प्यार का बुखार

## खूबसूरत मॉडल के साथ कन्फर्म किया रिलेशनशिप!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हार्दिक पांड्या ने अपने नए रिलेशनशिप की पुष्टि कर दी है. उनका नाम लगातार माहिका शर्मा के साथ जोड़ा जा रहा था, जो पेशे से एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं. अब हार्दिक ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए माहिका के साथ अपने रिलेशनशिप का खुलकर इजहार कर दिया है. सामने आई तस्वीर में हार्दिक और माहिका समुद्र किनारे बीच पर आनंद ले रहे हैं. एक तरफ भारतीय ऑलराउंडर ने काली शर्ट के साथ शॉर्ट्स पहने हुए हैं. वहीं



माहिका ने सफेद शर्ट पहनी है. उन्होंने एक-दूसरी फोटो भी साझा की है, जिसमें हार्दिक और माहिका ने एक-दूसरे के हाथ में हाथ डाला हुआ है. सूत्रों की मानें तो हार्दिक और माहिका को डेट करते हुए काफी समय बीत गया है, लेकिन पहली बार उन्होंने इसकी पब्लिक अनाउंसमेंट की है. दोनों पहली बार सुर्खियों में तब आए, जब उन्हें इसी महीने मुंबई एयरपोर्ट पर एकसाथ देखा गया था. उनका यह वीडियो खूब वायरल हुआ था.

महिला विश्व कपः

# सात बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी हरमनप्रीत की भारतीय टीम

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** महिला क्रिकेट विश्व कप के तीसरे मैच में भारतीय टीम सात बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। पिछली हार और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर अब जिम्मेदारी का दबाव है। अगर शीर्ष पांच बल्लेबाज जिम्मेदारी से नहीं खेलते, तो सेमीफाइनल की राह कठिन हो जाएगी।

**शीर्षक्रम की असफलता और चिंता**

लगातार तीसरे मैच में शीर्षक्रम नाकाम रहा। आठवें नंबर की बल्लेबाज रिचा घोष के 94 रन की मदद से ही टीम ने 251 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर पिछले तीन मैचों में सिर्फ 21, 19 और 9 रन ही बना पाई हैं। स्मृति मंधाना ने भी 8, 23 और 23 रन ही बनाए। मध्यक्रम की जेमिमा रॉड्रिग्स केवल पाकिस्तान के खिलाफ 32 रन ही बना पाई। कुल मिलाकर भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाजों में कोई भी तीन मैचों में अर्धशतक नहीं बना सका। कप्तान हरमनप्रीत ने हार के बाद कहा, हम शीर्षक्रम में जिम्मेदारी से नहीं खेल सके। हमें बड़े स्कोर बनाने होंगे और सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा।

**ऑस्ट्रेलिया की चुनौती**

ऑस्ट्रेलिया ने अब तक कोई मैच नहीं गंवाया है। गत चैम्पियन ने पाकिस्तान के खिलाफ बेथ मूनी का शतक और गेंदबाजों की मदद से टीम को संकट से बाहर निकाला। तेज गेंदबाज किम गार्थ, मेगन शूट और अनाबेल सदरलैंड ने मिलकर सात विकेट लिए। पिछले 12 वनडे विश्व कप मुकाबलों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच भारत को केवल 3 बार जीत मिली है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 9 बार जीत दर्ज की है।



**टीम इंडिया का प्रदर्शन और चिंता**

भारतीय टीम ने श्रीलंका और पाकिस्तान को निचले क्रम की मदद से हराया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ACA-VDCA स्टेडियम में बृहस्पतिवार को टीम को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच के बाद भारत चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में पांच अंकों के साथ शीर्ष पर है।

### भारतीय खिलाड़ियों से उम्मीद

2017 इंग्लैंड सेमीफाइनल में भारत की जीत की जिम्मेदारी निभाने वाली हरमनप्रीत कौर और स्पिनर दीप्ति शर्मा से इस बार भी वही प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद होगी।

**टीमें: भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रॉड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरूंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिन्यु, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शूट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## हरलीन देओल को गुडबाय का इशारा, साउथ अफ्रीकी गेंदबाज को आईसीसी ने फटकारा

**दुबई, एजेंसी।** साउथ अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को भारत के खिलाफ मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है। गुरुवार को विशाखापत्तनम में खेले गए महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। बाएं हाथ की 24 वर्षीय स्पिनर को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, व्यवहार, हावभाव या आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है। इस स्पिनर को आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। यह 24 महीने की अवधि में म्लाबा का पहला अपराध है।



आईसीसी के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार, अधिकतम मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और मामले की गंभीरता के आधार पर एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं। यह घटना भारतीय पारी के 17वें ओवर में हुई, जब म्लाबा ने हरलीन देओल को आउट किया। विकेट लेने के बाद, जब भारतीय बल्लेबाज मैदान से बाहर जा रही थीं, तो म्लाबा ने उन्हें गुडबाय का इशारा किया। आईसीसी ने बयान में कहा, म्लाबा ने अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्होंने मैच रेफरी की ओर से प्रस्तावित दंड को स्वीकारा है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 49.5 ओवरों में 251 रन पर सिमट गई। ऋचा घोष ने 77 गेंदों में सर्वाधिक 94 रन बनाए, जबकि प्रतिका रावल ने 37 और स्नेह राणा ने 33 रन की पारी खेली। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 48.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने टीम के लिए 70 रन बनाए, जबकि नादिन डी क्लार्क ने नाबाद 84 रन बनाए। इसी के साथ विश्व कप 2025 में भारत को पहली हार का सामना करना पड़ा।

हॉकीः

# चीन के दौरे पर भारतीय ए पुरुष हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगे संजय, वरुण भी रहेंगे शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संजय के अलावा, टीम में शामिल एक और बड़ा नाम टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता वरुण का है। वरुण भी ड्रैग फ्लिकर और डिफेंडर है। ये मैच गांसु क्लब के खिलाफ खेले जाएंगे। चीन दौरे के लिए भारतीय ए पुरुष हॉकी टीम में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता वरुण कुमार और संजय को जगह दी गई है।

ये दोनों खिलाड़ी 12 अक्तूबर से होने वाले इस दौरे के दौरान 20 सदस्यीय भारत ए टीम का नेतृत्व करेंगे। दोनों टीमों के बीच मुकाबले जियांग्सू प्रांत के चांगझौ शहर में खेले जाएंगे। टीम की कप्तानी पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता संजय करेंगे, जो डिफेंडर होने के साथ-साथ ड्रैग फ्लिकर भी हैं। संजय के अलावा, टीम में शामिल एक और बड़ा नाम टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता वरुण का है। वरुण भी ड्रैग फ्लिकर और डिफेंडर है। ये मैच गांसु क्लब के खिलाफ खेले जाएंगे। यह हॉकी इंडिया की विकासशील टीम को अनुभव प्रदान करने की योजना का हिस्सा है।

चीन दौरे के बारे में भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, यह 2026 में बहुत व्यस्त वर्ष से पहले भारत ए टीम के खिलाड़ियों को मैच अनुभव प्रदान करके वरिष्ठ पुरुष टीम के लिए प्रतिभा पूल का विस्तार करने की हमारी योजना का हिस्सा है। हम चीन में अच्छा अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं। यह टीम पिछले कुछ सप्ताह से एक साथ अभ्यास कर रही है और एक इकाई के रूप में अच्छी तरह से तालमेल बिठा रही है। वे अब कुछ मैच अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं।

# भारत ने विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीता कांस्य; मिक्स्ड टीम सेमीफाइनल में हारी

### फिर भी रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा दल को विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के मिक्स्ड टीम सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन इंडोनेशिया के खिलाफ हार झेलनी पड़ी है। गुवाहाटी में खेले गए इस मुकाबले में इंडोनेशिया ने मेजबानी भारतीय मिस्क्ड टीम को 45-35 और 45-21 से हराया। हालांकि, इस हार के बावजूद भारत को कांस्य मिला है और यह इस चैंपियनशिप के इतिहास में भारत का पहला मेडल भी है।

यानी इस हार के बावजूद भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया। भारत ने इससे पहले गुरुवार 9 अक्टूबर को पूर्व चैंपियन कोरिया पर क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की थी। हालांकि शुक्रवार को भारत इस लय को बरकरार नहीं रख पाया और टीम इंडोनेशिया से हार गई। वहीं इसी के साथ भारत को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इंडोनेशिया का अब



फाइनल में गोल्ड के लिए 14 बार के चैंपियन चीन और जापान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगी। भारतीय टीम को अब सिंगल इवेंट में उन्नति हुड्डा से काफी उम्मीद थी।

अगर उनको जीत नहीं मिली तो बाकी दल से इसकी उम्मीद काफी कम थी। लेकिन उन्नति का प्रदर्शन एकल मुकाबले में थलिता विर्यवान के खिलाफ खास नहीं रहा। मगर फिर भी उन्होंने भारत को 18-16 की बढ़त के साथ आगे रखा।

दूसरी तरफ इंडोनेशिया नंबर एक खिलाड़ी मोहम्मद उबैदिल्लाह (जूनियर वर्ग) ने रौनक चौहान को 11-5 से हराकर भारत को फिर पछाड़ा। फिर मिश्रित युगल वर्ग में लालरामसांगा और विशाखा टोप्पो की जोड़ी ने 9-3 से बढ़त जरूर बनाई लेकिन फिर इंडोनेशिया की इखसान प्रमुद्या और रिंजानी नास्तिने की जोड़ी ने वापसी करते हुए 10-9 से जीत अपने नाम कर ली। इसके बाद नास्टिन और रिस्का अंगग्रेनी ने जीत दर्ज करते हुए 45-35 से पहला सेट अपने नाम कर लिया। इसके बाद दूसरे सेट में भी भारतीय टीम वापसी नहीं कर पाई और मुकाबला गंवा दिया। अब व्यक्तिगत चैंपियनश सोमवार 13 अक्टूबर से रविवार 19 अक्टूबर तक चलेंगी।

# मेसी की गैरमौजूदगी में लो सेल्सो का विजयी गोल, वेनेजुएला पर अर्जेंटीना की आसान जीत

**मियामी, एजेंसी।** लियोनेल मेसी की गैरमौजूदगी के बावजूद, अर्जेंटीना ने शुक्रवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में वेनेजुएला को 1-0 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में गियोवानी लो सेल्सो जीत के हीरो रहे।

जूलियन अल्वारेज और लौटारो मार्टिनेज के नेतृत्व में अर्जेंटीना का आक्रमण इस पूरे मैच में आक्रामक रहा, जबकि फुलबैक नाहुएल मोलिना ने दाहिने छोर पर अपनी ऊर्जा से फैंस को प्रभावित किया। इस मुकाबले में निर्णायक मौका 31वें मिनट में आया। अल्वारेज और मार्टिनेज ने बॉक्स के पास शानदार तालमेल दिखाया, जिसने वेनेजुएला के डिफेंडर्स को अपनी पोजीशन से बाहर खींच लिया और फिर लो सेल्सो को पास थमा दिया। मिडफील्डर ने बेहतरीन संयम दिखाते हुए बाएं पैर से सटीक शॉट लगाया, जो गोलकीपर जोस कॉन्ट्रेरास को चकमा देते हुए नेट में जा पहुंचा। इसी के साथ अर्जेंटीना ने 1-0 की बढ़त हासिल की। गियोवानी लो सेल्सो ने पहले हाफ में शानदार गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। उनका यह गोल करीब



15,000 दर्शकों के सामने मौजूदा विश्व चैंपियन को आसान जीत दिलाने के लिए काफी था। बढ़त हासिल करने के बाद, लियोनेल स्कालोनी की टीम ने अपने खास अंदाज में खेल की रफ्तार पर नियंत्रण बना लिया।

तेज ट्रांजिशन और छोटे-छोटे पास के जरिए अर्जेंटीना ने दबदबा कायम रखा। वहीं, वेनेजुएला कोई स्पष्ट मौका नहीं बना सकी। दूरी से किए कुछ प्रयास गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को मुश्किल में डालने में नाकाम रहे। भले ही इसके बाद अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में अपने गोल की संख्या में कोई इजाफा नहीं किया, लेकिन टीम किसी भी तरह की परेशानी में नजर नहीं आई। उल्लेखनीय है कि इस मैत्रीपूर्ण मैच का इस्तेमाल व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर से पहले टीम को परखने के लिए किया गया है। एलेजांद्रो गार्नाचो और एंजो फर्नांडीज जैसे युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी ने अंतिम चरणों में और भी जोश भर दिया। लियोनेल मेसी मांसपेशियों में जकड़न के चलते एहतियातन इस मैच में नहीं खेले। हालांकि, इस दौरान उन्होंने स्टैंड से अपने साथियों का उत्साह बढ़ाया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447